

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 22 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-323 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

## संक्षेप

### होली केवल छपरियों का त्यौहार : फराह खान

मुंबई,22 फरवरी। बॉलीवुड की मशहूर फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान हिंदू त्योहार होली के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी कर विवादों में फंस गई है। उनके खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई, जिसके बाद जांच के दायरे में आ गई हैं। उन्होंने होली को छपरियों का त्योहार कहा था जिसका अब देश भर में विरोध हो रहा है। बता दें कि, बिग बॉस 13 में नजर आने वाले हिंदुस्तानी भाऊ के नाम से मशहूर विकास फातक ने अपने वकील एडवोकेट अली काशिफ खान देशमुख के जरिए फराह खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। 20 फरवरी को टेलीविजन शो सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के एक एपिसोड के दौरान फराह ने विवादित बयान दिया था।

### भारत के मंदिर आर्थिक शक्ति के भी प्रतीक

तिरुपति,22 फरवरी। भारत के मंदिर सिर्फ आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति के प्रतीक भी हैं। ऐसे में, इनके प्रबंधन में सुधार के उद्देश्य से तिरुपति में आयोजित इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो (आईटीसीएक्स) 2025 इस विचार को साकार करता हुआ नजर आया। देशभर के 1500 से अधिक मंदिरों, धर्मगुरुओं और राजनीतिक नेताओं ने इस ऐतिहासिक आयोजन में शिरकत की, जहाँ मंदिरों की अर्थव्यवस्था, प्रबंधन और सनातन संस्कृति की समृद्धि पर मंथन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना पत्र में लिखा, आईटीसीएक्स मंदिरों की वैश्विक एकता का प्रतीक है। यह वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूत करता है।

# आरएसएस भारत की संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहा : मोदी



नईदिल्ली, 22 फरवरी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की खूब तारीफ की। पीएम ने कहा कि संघ की वजह से ही मैंने मराठी भाषा सीखी और संस्कृति से जुडऩे का मौका मिला। प्रधानमंत्री ने आरएसएस का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान ही मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया, ये एक बड़ी उपलब्धी है। पीएम ने कहा कि इसका दुनिया भर में 12 करोड़ मराठी भाषी लोग इंतजार कर रहे थे। संघ की वजह से ही मैं मराठी भाषा और संस्कृति से जुड़ पाया। कुछ महीने पहले ही मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। दुनिया में 12 करोड़ से अधिक लोग मराठी बोलते हैं। मुझे मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का अवसर मिला और मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं। मराठी संस्कृति और भाषा सीखने का श्रेय आरएसएस को देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि संघ युवाओं को भारत की संस्कृति का उपदेश देने के लिए सांस्कृतिक यज्ञ करने में लगा हुआ है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह सम्मेलन छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया जा रहा है। मुझे एक मराठी भाषी व्यक्ति भी याद है, जिसने लगभग 100 वर्ष पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। आरएसएस अपनी शताब्दी मना रहा है और साथ ही विवेकानंद की तरह युवाओं को भारत की संस्कृति का उपदेश देने के लिए सांस्कृतिक यज्ञ भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मराठी साहित्य सम्मेलन किसी भाषा या राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वतंत्रता के संघर्ष का सार दर्शाता है। यह महाराष्ट्र और देश की सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए है।

# अच्छे इन्वेस्टर्स से इकॉनॉमी में होगा फायदा : ओपी चौधरी



रायपुर,22 फरवरी। छत्तीसगढ़ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ा बयान दिया है. बता दें, मध्यप्रदेश में इन दिनों GIS यानी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जारी है. छत्तीसगढ़ में भी GIS के आयोजन को लेकर मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक बड़ा इवेंट कर दें और एक्क्षुअल इन्वेस्टमेंट कुछ ना हों तो कोई फायदा नहीं है. इन्वेस्टमेंट आउटकम ओरिएंटेड होना ज्यादा जरूरी है. सरकार की कोशिश है अच्छे इन्वेस्टर आ जाएं, इससे इकोनॉमी को बड़ा फायदा होगा. वित्त मंत्री चौधरी ने आगे कहा कि सीएम साय और उद्योग मंत्री दिल्ली मुम्बई से निवेश लेकर आए हैं. छत्तीसगढ़ में 1 लाख करोड़ से अधिक का इन्वेस्टमेंट आने की प्रक्रिया चल रही है. नया रायपुर में सेमीकंडक्टर फार्मास्यूटिकल हब बनेगा. एक साल में अलग-अलग सेक्टरों में काम दिखना शुरू हो जाएगा. इसके बाद तढ्ढस् करेंगे तो ज्यादा लाभ मिलेगा. वहीं छत्तीसगढ़ में आज मंत्रिपरिषद की बैठक होने जा रही है. इस बैठक को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मीडिया से बातचीत की. उन्होंने बताया कि आज आज कैबिनेट में बजट का अनुमोदन किया जाएगा. प्रदेश का बजट हर वर्ग के लिए अच्छा होगा. राज्य के आर्थिक विकास की गति को तेज किया जा सके, इस लेकर कार्य जारी है.

# छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम में विस्तार करने का निर्णय

रायपुर,22 फरवरी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया, कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया. छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम 4 में विस्तार करने का निर्णय लिया गया. पंजीकृत बीज उत्पादन किसानों से क्रय किया जाएगा. केंद्र और राज्य के बीच उत्पादन करने वाले संगठन और एजेंसियों के चयनित संस्थाओं द्वारा न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था से किया जाएगा. साव ने बताया, छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा के पंचम सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया. किसानों के उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए 3300 करोड़ की अनुमति का अनुमोदन किया गया. स्टांप दरों के निर्धारण के लिए संशोधन विधेयक का अनुमोदन किया गया. इसके अलावा 1992 से 94 बैच के अपर मुख्य वन अधिकारियों को प्रधान मुख्य संरक्षक पद प्रदाय करने का निर्णय लिया गया. मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया. मंत्रिपरिषद ने बजट अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया. राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्मों और गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का निर्णय लिया गया. इसके तहत सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा. इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ की समितियां, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी के रूप में चयनित संस्थाओं को बीज निगम द्वारा जारी ऑफर लेटर में से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से किया जाएगा. छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया. छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के पंचम सत्र माह फरवरी-मार्च 2025 के लिए राज्यपाल के अभिभाषण का मंत्रिपरिषद ने अनुमोदन किया. खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ को स्वीकृत अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि 3300 करोड़ की अनुमति का अनुमोदन किया गया. बैंक गारंटी से संबंधित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की दरों के निर्धारण के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया.मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय वन सेवा के 30 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके 1992 से 1994 बैच तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ अधिकारियों को गैर कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष स्केल प्रदाय करने आवश्यक पद सृजन का निर्णय लिया.

# शशि थरूर ने राहुल गांधी से पूछा- पार्टी में मेरा क्या रोल है?

नई दिल्ली,22 फरवरी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर और पार्टी नेतृत्व के बीच लगातार तनाव जारी है. हाल ही में राहुल गांधी से दिल्ली में उनकी मुलाकात हुई, लेकिन उनकी शिकायतों का समाधान नहीं हुआ. कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के सांसद के प्रति अपने रुख को लेकर कोई लचीलापन नहीं दिखाया है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शशि थरूर से पार्टी में उनकी भूमिका को स्पष्ट करने का अनुरोध किया था. लेकिन उनके साथ हुई बातचीत के बावजूद, कांग्रेस नेता ने थरूर की किसी भी शिकायत या सुझाव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी. थरूर ने राहुल गांधी से अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग की थी और ये भी जताया था कि उन्हें पार्टी में नजरअंदाजकिया जा रहा है, लेकिन इस बैठक में राहुल गांधी ने उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया, जिससे थरूर और भी असंतुष्ट हो गए. कुछ दिन पहले दिल्ली में हुई



एक बैठक में, थरूर ने पार्टी में खुद को नजरअंदाज किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की. सूत्रों ने बताया. थरूर और भी असंतुष्ट हो गए क्योंकि राहुल गांधी ने इस पर कोई स्पष्ट प्रतिबद्धता नहीं जताई.थरूर ने पार्टी की नीति से हटकर कई मुद्दों पर अपनी राय दी, जिससे कांग्रेस नाराज है. इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उनकी मुलाकात की उन्होंने प्रशंसा की थी, और एलडीएफ सरकार द्वारा केरल में किए गए औद्योगिक विकास की उन्होंने प्रशंसा की थी. थरूर ने राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान इस बात पर भी असंतोष व्यक्त किया कि उन्हें ÷ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस÷ के प्रभारी पद से हटा दिया गया, जो उन्होंने खुद बनाया था, क्योंकि उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल रहा है.

शशि थरूर ने राहुल गांधी से कहा कि वह संसद में पार्टी का नेतृत्व संभाल सकते हैं, लेकिन चुप रहे क्योंकि राहुल गांधी को संसद पार्टी का नेता चुना गया था.

### कांग्रेस मुक्त भारत हमारा संकल्प : पुरंदर मिश्रा



रायपुर,22 फरवरी। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस की हार पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने तीखा प्रहार किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत करना हमारा संकल्प है. आने वाले दिनों में कांग्रेस एक कमरे में सिमट कर रह जाएगी. रायपुर उत्तर से विधायक पुरंदर मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आज आईएएस अफसर जेल में हैं. कांग्रेस ने (उन्हें) काला धन अर्जित करने का आदेश दिया था. वहीं विधायक देवेंद्र यादव को जमानत मिलने पर उन्होंने कहा कि यादव लोग तो गाय पालते हैं, बेल क्यों मिला है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी है. हर एक आदमी का अपना एक गुट है. इनका भी एक अलग गुट है. भूपेश बघेल के समर्थक माने जाते हैं. सोचने वाली बात यह है कि 140 साल पुरानी पार्टी के अंदर इतनी अंतर्कलह क्यों है.

## महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की कार पुलिया से टकराई, दो की मौत

कोंडागांव,22 फरवरी। प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की कार पुलिया से टकरा गई. इस हादसे में



दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं तीन की हालत गंभीर है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को 108 की मदद से फरसगांव अस्पताल लाया गया. यह हादसा नेशनल हाईवे 30 पर फरसगांव थाना क्षेत्र के बड़े मोड़ के पास हुआ. जानकारी के मुताबिक, एक्सयूवी में 6 लोग सवार होकर बेंगलुरू से प्रयागराज जा रहे थे. इस दौरान केशकाल क्षेत्र के बड़े मोड़ के पास कार पुलिया से टकरा गई. इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को 108 एंबुलेंस की मदद से फरसगांव अस्पताल लाया गया. बताया जा रहा कि सभी एक ही परिवार के हैं और बेंगलुरू के रहने वाले हैं.

## 50 साल पुराना आकाशवाणी का टॉवर गिरा

जगदलपुर,22 फरवरी। बस्तर में आज बड़ा हादसा होते-होते बच गया. जिले के तेली मारेगा में आकाशवाणी केंद्र है, जहां प्रसारण के लिए 150 मीटर ऊंचा टावर लगा हुआ है. करीब 50 साल पहले स्थापित ये टावर काफी जर्जर स्थिति में था, जिसके कारण यह टावर शुक्रवार की दोपहर अचानक गिर गया. हालांकि उस वक्त आसपास कोई कर्मचारी और ग्रामीण नहीं थे, जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया. इस घटना के बाद इलाके में रेडियो पर प्रसारण बंद हो गया है. बता दें कि करीब 50 साल पहले 1970 में तेली मारेगा में प्रसारण केंद्र की स्थापना की गई थी. इसी वक्त यहां टावर लगाया गया था, जिसके जरिए दूरदर्शन और आकाशवाणी का प्रसारण होता है. ये



टॉवर काफी जर्जर हो गया था, लेकिन प्रशासन ने लापरवाही बरतते हुए इस टॉवर को ना ही हटाया और ना ही उसकी मरम्मत कराकर मजबूत किया. इसके चलते ये टॉवर अचानक धराशाई हो गया. टावर धराशाई होते वक्त तीन अलग-अलग हिस्सों में गिरा, जिसकी वजह से नजदीक में मौजूद बाउंड्रीवॉल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है. फिलहाल टावर टूटने की वजह से इलाके में रेडियो पर प्रसारण बंद हो गया है.

### बोलेरो पलटने से 15 घायल


गरियाबंद,21 फरवरी। जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 15 लोग घायल हो गए. इस हादसे में 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. गंभीर घायलों को रायपुर रेफर किया गया है. बताया जा रहा कि छट्ठी कार्यक्रम से परिवार लौट रहा था, तभी ये हादसा हुआ. जानकारी के मुताबिक, छट्ठी कार्यक्रम में ग्राम बोरसी के लोग गरियाबंद के देवभोग के पास स्थित कोकड़ीमाल गांव रिश्तेदारी में गए थे. वापसी के समय काश नाले पर रात में ड्राइवर को मोड़ समझ में नहीं आया, जिसके चलते बोलेरो पिकअप नदी में पलट गई. इस हादसे में वाहन में सवार सभी 15 लोग घायल हुए हैं. 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है.

### छुपाकर रखे नक्सलियों के विस्फोटक बरामद

सुकमा,22 फरवरी। जिला सुकमा में एसपी किरण चव्हाण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर 203 कोबरा वाहिनी, 131वाहिनी सीआरपीएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पीनाचंदा, गुंडराजगुडेम, चिंता वागु नदी एरिया जंगल क्षेत्र मे रवाना हुये थे कि अभियान के दौरान ग्राम गुंडराजगुडेम से 1.4 किमी दक्षिण पूर्व में और चिंतावागु नदी के तट पर स्थित घने जंगल क्षेत्र के पास अज्ञात नक्सलियों के द्वारा छुपाकर कर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया। घटना मे सभी जवान सुरक्षित है, बाद सभी पार्टी अभियान करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस हुई हैं।

## जनता को ही गरिया बैठे विधायक रोहित साहू, कहा - हेकड़ी निकाल दूंगा

गरियाबंद,22 फरवरी। चुनाव के पहले जो नेता हाथ जोड़कर जनता के दरवाजे पर मत्था टेकते हैं, वही जीतने के बाद अब जनता से हेकड़ी निकालने की बात कह रहे. यह मामला गरियाबंद जिले के राजिम विधानसभा का है. क्षेत्र के भाजपा विधायक रोहित साहू का ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वे किसी शख्स को धमकाते दिख रहे. वायरल वीडियो में विधायक रोहित साहू किसी शख्स को कह रहे कि ÷एक दिन में तुम्हारी हेकड़ी निकाल दूंगा. रोहित साहू जितना सीधा है, उतना ही टेढ़ा भी है. तुम रोहित साहू को नहीं जानते.÷ वहीं अब जनता कह रही है कि साहब, वोट देने से पहले नहीं जानते थे, गलती हो गईज लेकिन अब तो पहचान गए. दरअसल विधायक साहू पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रचार में निकले थे, इस दौरान वे जनता को ही गरिया बैठे. बोरसी में एक सभा के दौरान विधायक साहू ने मंच से गांव के लोगों को कांग्रेस और पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल का ÷तलवा चाटने वाला कह दिया. समर्थकों की मानें तो ये सुनते ही भीड़ भड़क गई. वायरल वीडियो में विधायक कहते दिख रहे हैं कि रोहित साहू ल सीधा झन समझ. तोर अमितेष शुक्ला ल पानी पिया दे हंव मय ह, चमचईगिरी झन कर इहां. तय दारू पीके मोर सामने बात मत कर समझ गेस, अभी अंदर करवाहूं.अरंड गांव में जब ग्रामीणों ने विधायक से सड़क, पानी और बिजली की मांग रखी तो नेताजी का जवाब सुनकर लोग दंग रह गए.



# सेलूद के इतिहास में सबसे कम उम्र के सरपंच बने खिलेश मारकंडे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,22 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपना सरकार चुना। लोग सरपंच चुनने के लिए काफी उत्सुक नजर आए। पाटन विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण ग्रामों में से एक सेलुद पंचायत के लिए गुरुवार को मत डाला गया। चूंकि सेलुद से मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का विशेष लगाव है इसलिए हमेशा से ही सबकी नजर सेलुद पंचायत चुनाव में टिकी हुई थी। ग्राम पंचायत सेलुद में कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखने वाले 28 वर्षीय खिलेश बबलू मारकंडे ने जीत का परचम लहराया है। सेलुद के राजनीति में इतिहास बनाते हुए 1032 मतो के अंतर से जीत दर्ज किया।

खिलेश मारकंडे ने 2015 में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण किया।छात्र जीवन से ही प्रतिनिधित्व करने की योग्यता रही है वह शासकीय हायर सेंकडरी स्कूल सेलूद में शाला नायक के दायित्व को सफलता पुर्वक निभाते हुये छात्र राजनीति जीवन की सफलतापूर्वक शुरुआत किया। दो वर्षों तक समयदानी कार्यकर्ता के रुप में सामरी विधानसभा बलरामपुर जिला क्षेत्र में रहकर कार्य किया है। 2019 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सेलुद पतोरा चुनकट्टा क्षेत्र से ही पाटन जनपद सदस्य के रुप लगभग 1000 से अधिक मतो से जनपद सदस्य चुने गये थे ।आरक्षण की स्थिति बदलने पर सेलुद सरपंच पद का चुनाव लड़ा । वह साधारण परिवार के सदस्य है सेलुद जैसे बड़े व जागरुक गांव में सरपंच के पद को ऐतिहासिक 1032 मतों से जीतकर सेलूद में इतिहास बना दिया है। ग्राम सेलुद के आठ बुथो में 81त्न मतदान हुआ जिसमें कुल 3354 वोट पड़े । जिसमें खिलेश मारकंडे को 2048 उनके निकटतम प्रतिद्वंदी लवण बंजारे को कुल 1016 मत मिले जीत अंतर 1032 वोट से पराजित किया । कुल सरपंच पद के लिए सेलुद में कुल तीन प्रत्यासी चुनावी मैदान में थे। श्रीमती योगेश्वरी तीसरे पायदान में रही। लगातार चुनाव जीतने व 1032 मतो के भारी अंतर से जीतने के साथ गाँव की प्रमुख मुद्दों पर आवाज उठाने के कारण खिलेश मारकंडे की जीत की चर्चा सेलुद ही नही बल्कि पूरे जिले में है अपनी जीत पर खिलेश बबलू मारकंडे ने कहा कि यह मेंरी जीत नहीं है यह सभी सेलुद वासियो की जीत है सभी का अभुतपुर्व सहयोग इस लड़ाई में रहा है । सभी ग्राम वासियों के सहयोग से ही सेलुद ग्राम को विकास के उच्चे पायदान में ले जाने का पुरा पुरा प्रयास किया जायेगा ।गाँव के सभी समस्याओं को प्रमुखता के साथ हल करने भरसक प्रयास रहेगा ।माटी की सेवा करने का जो अवसर गाँव वाले ने दिया है उसे निश्चित रुप से पूरा करने का प्रयास रहेगा ।

## एक नजर

### खाता खुलवाने के नाम पर ठगी

**भिलाई, 22 फरवरी।** भिलाई प्रोप ट्रेड एकाउंट में खाता खुलवाने के नाम पर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है वैशाली नगर वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि वार्ड 19 कैम्प-1 वृंदा नगर निवासी टी. राजेश्वर राव ने शिकायत किया था कि मेरेडडी पल्ली रोड़ 1 नये बस स्टाप के पास आंध्रप्रदेश गोरान्तला अनंतपुर निवासी एम हर्षवर्धन रेड्डी ने ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम का झांसा देकर प्रोप ट्रेड एकाउंट में खुलवाने के नाम पर अलग अलग किस्तों 20 लाख रुपए पीड़ित से लिया जब पीड़ित ने आरोपी से रकम वापस मांगने पर टाल मटोल करने लगा उसके बाद आरोपी का मोबाईल बंद हो गया वैशाली नगर थाने पुलिस के साथ आरोपी की खोजबीन में लग गई। आरोपी के तिरूपुर जेल तामिलनाडु में अन्य मामले में निरूद्ध होने और आरोपी एम हर्षवर्धन द्वारा जमानत के लिए हाईकोर्ट में आवेदन लगाने की सूचना मिली आरोपी को जमानत मिलने की पूर्ण संभावना को देखते हुये न्यायालय पायल टोपनो प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रोडक्शन जारी किया पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तिरूपुर सिटी तामिलनाडु रवाना हुई आरोपी एम हर्षवर्धन द्वारा तिरूपुर सिटी में भी प्रोप ट्रेड एकाउंट खुलवाने के नाम पर 55 लाख और विजयवाड़ा आन्ध्राप्रदेश में 60 करोड़ 30 लाख ठगी करने की जानकारी मिली पुलिस टीम तिरूपुर सिटी तामिलनाडु पहुँचकर उसे ट्रांजस्टि रिमाण्ड लेकर।



### व्यापारी साइबर ठगी का शिकार

**भिलाई, 22 फरवरी।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अंतर्गत एक व्यापारी साइबर ठगी का शिकार हो गया ठग ने उससे शेयर मार्केट में रकम इनवेस्ट करवाई इस तरह से व्यापारी ने किस्तों में 5 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया ठगी का एहसास होने पर शिकायत दर्ज कराई स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि एक व्यापारी ने शिकायत की है उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया उसे शेयर मार्केट के बारे में प्लान समझाया उसने कहा कि जो भी रकम इनवेस्ट करेंगे, उसमें लाभकी राशि को उसे देता जाएगा व्यापारी ने उस पर भरोषा कर लिया किस्तों में 5 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया पुलिस ने बताया कि व्यापारी को जैसे ही ठगी का अहसास हुआ उसने तत्काल डायल 1930 पर साइबर ठगी की शिकायत की इसके बाद बैंक ने प्रोसेस किया और 40 हजार रुपए होल्ड करा लिया है ।

### शरारती तत्वों ने अचानक पथराव कर दिया



**भिलाई, 22 फरवरी।** पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के लिए ग्राम नवागांव में मतदान दल को बंधक बना लिया था। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को किसी तरह काबू करना पड़ा रिपोर्ट पर पाटन पुलिस ने 200-250 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 221,132,127 (2), 324(3), 115(2),191 (2), 190, 296 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। पाटन पुलिस ने बताया कि नायब तहसीलदार मनोज कुमार रस्तोगी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 जनवरी की रात करीब 11 बजे के आस-पास सेक्टर अधिकारी से सूचना मिली कि नवागांव पोलिंग बूथ 160 एवं 161 के पीठासीन मतदान अधिकारियों को बडी संख्या में लोगों घेरकर बंधक बना लिया है नायाब तहसीलदार के मौके पर पंहुचने पर ग्रामीणों ने उन्हें भी घेर लिया इस बीच पुलिस बल के मौके पर पहुंच पर ग्रामीणों से बातचीत के दौरान कुछ शरारती तत्वो ने अचानक पथराव कर दिया गया पुलिस के अनुसार अधिकांश ग्रामीण शराब के नशे में दिखे उस दौरान कई पुलिस कर्मियों को चोंटे भी आई इसके अलावा शासकीय वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया था ।

### येलो स्पॉट क्षेत्र में गंदगी फैलाने पर निगम करेगी कार्रवाई




**भिलाई, 22 फरवरी।** पूरे भारत देश में स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने आने वाली है। उनके द्वारा स्वच्छता रैंकिंग का मॉनिटरिंग कर बेस्ट स्वच्छता राज्य का अवार्ड दिया जायेगा। जिसको ध्यान में रखते हुए नगर निगम भिलाई के पांचो जोन क्षेत्र में प्रतिदिन साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के साथ-साथ मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह जाकर साफ-सफाई को व्यवस्थित करने का कार्य कर रही है। जिससे भिलाई शहर को नम्बर 1 स्वच्छ शहर का अवार्ड मिल सके। आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर सभी अधिकारी फील्ड में जाकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन कर रहे है। जिसमें सड़क, रोड़, तालाब, उद्यान, शौचालय एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण इत्यादि कार्य शामिल है। साथ ही दिवालो पर वाल पेटिंग के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने नागरिको में जागरूकता लाया जा रहा है। दिवालो पर अलग-अलग प्रोत्साहित नारे भी लिखवाया गया है, जिससे नागरिक वहां कचरा न फेकें। नागरिक कही भी इधर-उधर खुले में कचरा फेंक देते है। उनको समझाइस दी जा रही है, कि गीला एवं सूखा कचरा सफाई कर्मचारी को डब्बे में डालकर दे।



## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने त्रिवेणी संगम में किया पवित्र स्नान

**कवर्धा ।** महाकुंभ 2025 के पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश और देशवासियों के सर्वकल्याण की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ सनातन परंपराओं का जीवंत प्रतीक है, जहां श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर आत्मशुद्धि एवं मोक्ष की प्राप्ति का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम का यह पुण्य स्नान न केवल आध्यात्मिक उन्नयन का अवसर है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की अद्वितीय छटा भी प्रस्तुत करता है। उपमुख्यमंत्री ने त्रिवेणी संगम में स्नान और पूजा-अर्चना के बाद कुंभ क्षेत्र में मौजूद श्रद्धालुओं से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

## उतई-पाटन नवनिर्मित रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**भिलाई, 22 फरवरी।** समाजसेवी भाजपा के सदस्य अशोक राव तांदुलकर एवं राजू गुप्ता ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर सेलूद धान संग्रहण केन्द्र है वहीं खाद गोदाम के साथ लगभग सेलूद क्षेत्र में पच्चीस से तीस गिट्टी खदान पत्थर माइंस है। उतई पाटन नवनिर्मित रोड़ पर भारी वाहनों ट्रके डम्फरों का आवागमन निरंतर है। गाडियों चार पहिया वाहन बाईक अनियंत्रित स्पीड से दौड़ रही है। नए डम्पर युवा चालकों द्धारा बेकाबू स्पीड चला रहे जिससे आए दिन सेलूद चुनकटा मार्ग पर दुर्घटना हो रही है। विदित हो कि एक शिक्षिका स्कूटी सवार महिला कर्मी की डंपर की ठोकर से दर्दनाक मृत्यु हो चुकी है। कई मजदूर कामकाजी महिलाएं ग्रामीण किसान स्कूली बच्चे साइकिल से आवागमन करते हैं। दुर्घटनाएं इनके साथ होती रहती है। गाड़ियों ट्रके आपस मे ओवरटेक करने से दुकानदार ग्रामीण घर वाले भयभीत है। सड़क दुर्घटनाओं पर अवगत कर जनहित में दुर्घटना रोकने बाबत अशोक राव तांदुलकर एवं राजू गुप्ता ने अनुरोध कर माँग की सर्वे कर शीघ्र ही कम से कम पन्द्रह से बीस ब्रेकर बनाया जाए स्टापर लगाए धर्म कांटा चौक संग्रहण केन्द्र के पास ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था शीघ्र कर सुरक्षा की जाय। शीघ्र ही स्पीड ब्रेकर नही बना तो ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जायेगा।

## कवर्धा और बोड़ला जनपद अध्यक्ष कौन बनेगा, चर्चा शुरू, जो भी बने जनता का फोन अवश्य उठाएं

**कवर्धा, 22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बोड़ला में जनपद अध्यक्ष में रामकिंकर वर्मा जनपद दस से श्रीमती बबीता छोटू चंद्रवंशी की चर्चा और कवर्धा में जनपद अध्यक्ष में स्वीटी बंजारे और जनपद सदस्य श्रीमती मिथला मिथलेश बंजारे की चर्चा कवर्धा में बस स्टेंड और होटलों में ओर बोड़ला और पोड़ी में बस स्टॉप ओर होटलों ओर पान दुकानों में लोग चर्चा करते हुए दिखे । कबीरधाम जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष की भी चर्चा शुरू हो गई है लेकिन समर्थकों ओर कार्यकर्ताओं में कई नाम की चर्चा शुरू हो गई है । संगठन किसे तय करेगी वो अभी तक फैसला नहीं हुआ है इसलिए जनपद हो या जिला पंचायत दोनों में प्रयास करना शुरू कर दिया है की टिकट मिले । लोगों की सोच है ऐसा प्रत्याशी अध्यक्ष बने जो गांवों में विकास पर ध्यान दे । ओर जनता के फोन को अवश्य उठाएं ।



## जेल में बंद कैदियों को मिलेगा गंगा जल से स्नान का अवसर : शर्मा

**कवर्धा, 22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के जेलों में बंद कैदियों की भी इच्छाशक्ति होती है और वे भी गंगा स्नान का पुण्य लाभ लेना चाहते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में 25 फरवरी को गंगा जल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा। इस पहल के तहत सभी कैदियों को गंगा जल से स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर मिलेगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि संस्कार हमारी संस्कृति से जुड़े हैं और यह हमारी परंपराओं का एक अभिन्न हिस्सा है। समाज में सुधार और पुनर्वास की भावना के तहत यह निर्णय लिया गया है, जिससे कैदियों में आत्मशुद्धि और नैतिकता के भाव उत्पन्न हों। उन्होंने यह भी कहा कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है और हर व्यक्ति को इसका लाभ उठाने का अधिकार है। इसी सोच के तहत जेलों में बंद कैदियों को भी इस आध्यात्मिक अवसर से जोड़ा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जेल अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।प्रदेश सरकार कैदियों के सुधार और उनके पुनर्वास के प्रति प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।



# राजभर महासभा के प्रदेश स्तरीय सम्मलेन में आएंगे यूपी के केबिनेट मंत्री

**भिलाई, 22 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राजभर महासभा का प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मलेन खुर्सीपार के श्रीराम चौक सेक्टर-11 जोन-2 में आयोजित होने जा रहा है। 23 फरवरी रविवार को दिन भर चलने वाले इस सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री अनिल राजभर उपस्थित होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद विजय बघेल करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने बताया कि प्रातः 8 बजे कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा जो संध्या 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव, वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, घोसी के पूर्व सांसद चंद्रदेव प्रसाद राजभर, पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर एवं पूर्व विधायक घोसी विजय राजभर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन सभा के अध्यक्ष राजगुरु आचार्य शिव प्रसाद सिंह राजभर होंगे। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल तथा अति विशिष्ट अतिथि राजभर सेवा संघ मुंबई के अध्यक्ष अनिल राजभर तथा राजभर एक्सप्रेस मुंबई के अखिलेश राजभर तथा भोजपुरी लोक गीत गायक मुंबई कमलेश राजभर की उपस्थिति उल्लेखनीय रहेगी। इसके साथ ही अ. भा. राजभर संगठन राष्ट्रीय वर्किंग कोर कमेटी के अध्यक्ष कटेश्वर प्रसाद राजभर, आचार्य रमाकांत राजभर, भारशिव क्षत्रिय फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश राजभर अर्गदु, सुजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतलाल राजभर, वाराणसी के बिरहा गायक रामपत राजभर, राजभर सुधार समिति के अध्यक्ष अवधराम राजभर, महाराष्ट्र से अग्रणी नेता हनुमान राजभर, श्रीमती पूनम भारद्वाज, कैलाश भारद्वाज, शम्भु राजभर, चन्द्रमा राजभर, रामानंद वर्मा, झारखण्ड से श्रीमती सुशीला राजभर, विश्वनाथ प्रसाद, गोरखपुर से इतिहासकार रामचंद्र राय, एसपी राय, रांची से भगवान दास, देवरिया से राधेश्याम राजभर, रोबिन देव एवं बजरंगी राजभर सहित देश भर से राजभर हस्तियां उपस्थित हो रही हैं। नरसिंह राजभर ने बताया कि समारोह में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मलेन भी संपन्न होगा। समाज के महासचिव सुरेश राज एवं कोषाध्यक्ष बी एल राजभर ने स्वजातीय लोगों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में पावर सिस्टम सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई, 22 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) रायपुर के सहयोग से 20 फरवरी को एचआरडी-बिल्डिंग, बीटीआई, बीएसपी में पावर सिस्टम सुरक्षा के लिए डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग पर एक उद्योग-अकादमिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान एनआईटी रायपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सुभोजित घोष ने व्याख्यान दिया। उन्होंने क्लासिकल फॉल्ट प्रोटेक्शन विधियों की सीमाओं और एआई/एमएल तकनीकों से अधिक सटीकता और दक्षता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में भिलाई स्टील प्लांट के वरिष्ठ प्रबंधन ने अपना दृष्टिकोण साझा किया।

## खोपली में मंजू फत्तेलाल वर्मा ने लगातार चौथी बार सरपंच चुनाव 198 वोट से जीतीं



**उतई, 22 फरवरी।** विजय जुलूस में ग्रामीण की संख्या अधिक रहा व ग्रामीणों का पूरा आशीर्वाद मंजू फत्तेलाल वर्मा को मिल रहा है। मंजू वर्मा के कार्य काल में लगातार खोपली में विकास कार्य किया गया। विदित है कि पूर्व में 2015 में पहले सरपंच निर्वाचित हुए फिर 2020 में दूसरी बार निर्वाचित हुवे फिर कांग्रेस सरकार के समय धारा 40 में बर्खास्त होने के पश्चात 2022 उपचुनाव में फत्तेलाल वर्मा कि पत्नी श्रीमती मंजू वर्मा ने कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी को 521 वोटों से हराकर पूरे दुर्ग ग्रामीण में ऐतिहासक जीत दर्ज कि और तीसरी बार सरपंच चुनाव में जीत दर्ज की 2025 सरपंच पद चुनाव में फिर से खोपली की जनता ने मंजू फत्तेलाल वर्मा पर जताया भरोसा चौथी बार सरपंच बनाने का दुर्ग जिले में ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया गया है गाव कि विकास को प्राथमिक मानते हुवे मंजू फत्तेलाल वर्मा ने पूरा विकास करने का भरोसा दिया है। मंजू फत्तेलाल वर्मा सांसद विजय बघेल,जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक,दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के सबसे करीबी हैं।

# दंडकवन, रावघाट खदान में महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण



**भिलाई, 22 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सीमा सुरक्षा बल (दंडकवन) की 11 बटालियन के सहयोग से सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट माइंस के दंडकवन, कांकेर क्षेत्र में 31 महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण किया। कार्यक्रम का उद्घाटन 19 फरवरी को महानिरीक्षक (बीएसएफ एफटीआर मुख्यालय, बीएसएफ विशेष अभियान, छत्तीसगढ़) आनंद प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (रावघाट, बीएसपी) अरुण कुमार और महाप्रबंधक (रावघाट माइंस, बीएसपी) अनुपम बिष्ट और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, उपमहानिरीक्षक बक्षराज कौशल, उपमहानिरीक्षक हरिंदर पाल सिंह सोही, कमांडेंट शंकर प्रसाद साहू, कमांडेंट नवाल सिंह, कमांडेंट अनिल सिंह रावत, 2आईसी, ओएफएफजी कमांडेंट रुपेश कुमार सहित बीएसएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय पंचायतों के सरपंच, लाभार्थी और ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि आनंद प्रताप सिंह ने अरुण कुमार और अन्य बीएसएफ अधिकारियों के साथ मिलकर सिलाई मशीनें और यूटिलिटी किट वितरित कीं, जिसमें सिलाई सामग्री, धागा, बाल्टी, मग, बैग, चप्पल और स्टेशनरी शामिल थी। अपने संबोधन में आनंद प्रताप सिंह ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट खदान द्वारा सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से चलाए गए संयुक्त कौशल विकास कार्यक्रम की सराहना की। आरंभ में आनंद प्रताप सिंह ने स्थानीय पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु महिलाओं और बीएसएफ जवानों द्वारा गोंडी, हल्बी, बिहू और भांगड़ा लोक नृत्य और गीतों सहित सांस्कृतिक प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन, मैत्रीपूर्ण रस्साकशी खेल के साथ हुआ, जिसमें स्थानीय युवा टीम ने बीएसएफ कर्मियों की टीम को हराया। कार्यक्रम का संचालन बीएसएफ अधिकारी पी भूटिया ने किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कमांडेंट शंकर प्रसाद साहू द्वारा दिया गया।

## महिला खिलाड़ी ने 57 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीत राष्ट्रीय स्पर्धा में रचा इतिहास



**भिलाई, 22 फरवरी।** लुधियाना पंजाब में चल रही एसबीडी क्लासिक सीनियर राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में नमी राय पारिख ने 57 किलो वजन वर्ग के स्क्राट इवेंट में 145 किलो, बेंच प्रेस में 77.5 किलो तथा डेडलिफ्ट में 180 किलो सहित 402.5 किलो टोटल लिफ्ट कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई है व छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है । नमी राय ने विगत वर्ष 2024 में हैदराबाद की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वयं के द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय रिकॉर्ड 175 को ध्वस्त कर डेड लिफ्ट इवेंट में अपने दूसरे प्रयास में 176 किलो से तथा तीसरे प्रयास में 180 किलो लिफ्ट कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है । उल्लेखनीय है कि नमी राय की एक बेटी भी है तथा पॉवर लिफ्टिंग खेल में उनके पति सहित पूरा परिवार का पूरा सहयोग रहता है जिसके कारण नमी राय आज इन ऊंचाइयों पर पहुँची है तथा छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन भी हमेशा प्रोत्साहित करता है । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खेल मंत्री टंकराम वर्मा खेल विभाग, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारी सहित छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष बी एल चंदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी सोनी, महासचिव कृष्णा साहू, टीम के प्रशिक्षक आसिफ अली सहित समस्त पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने नमी राय को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## 14 लाख की सड़क से उठ रहा धूल का गुबार, आयुक्त ने अभियंता को फटकारा

**रिसाली,22 फरवरी।** मैत्री कुंज वार्ड 22 में 2 माह पहले बने सी.सी. रोड से धूल का गुबार उठने लगा है। लगातार मिल रही शिकायत के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा मौके पर पहुंची। उन्होंने मौके पर ही वार्ड के प्रभारी इंजीनियर को न केवल फटकार लगाई बल्कि निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता को ठीक करने निर्देश दिए। दो माह पहले बने इस सड़क के लिए शासन ने 14.23 लाख स्वीकृति किया है।



वार्ड पार्षद रमा साहू समेत आस पास के नागरिकों की शिकायत है कि सड़क पर दुपहिया वाहन चलाने से धूल का गुबार उठता है। मुख्य मार्ग होने की वजह से पूरे दिन रेत के कण से भरा धूल स्वास्थ्य को खराब कर रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्थल निरीक्षण कर वार्ड के प्रभारी इंजीनियर, प्रभारी सहायक अभियंता को फटकार लगाते निर्देश दिए कि तत्काल गुणवत्ता सुधार किया जाए। वार्ड भ्रमण के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा सीधे मैत्री कुंज शंकर होटल के निकट पहुंची। वहां नागरिकों से चर्चा की और उप अभियंता को मौके पर बुलवाया। मौके पर पहुंचे उप अभियंता ने फटकार के बाद ठेकेदार को तलब किया। आयुक्त मोनिका वर्मा के स्थल निरीक्षण करने खबर सुन कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क की कोर कटिंग जांच के निर्देश दिए वहीं अधिनस्थ इंजीनियर को निर्माण एजेंसी प्रबल प्रताप परिहार को नोटिस जारी कर कार्य में गुणवत्ता लाने के निर्देश दिए। इस मामले में प्रभारी इंजीनियर जयंत शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने और सड़क से धूल उड़ने पर एजेंसी प्रबल प्रताप परिहार को पहले ही नोटिस दिया जा चुका है। नोटिस के बाद निर्माण एजेंसी अधिकारियों से नजर चुराने लगा था। इसके बाद अधिकारियों को आयुक्त से सामना करना पड़ा।

## सरपंच का स्वागत



**उतई, 22 फरवरी।** ग्राम पंचायत धौराभाटा में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है दाऊ विनय चंद्राकर जिन्होंने अपने पंच गण एवम् ग्राम वासियों के साथ आभार रैली निकाली गौव के महिलाएं जगह जगह फूल माला आरती की थाली सजा कर आरती उतार कर नव निर्वाचित युवा सरपंच की स्वागत कर आशीर्वाद दे रही थी ।युवा सरपंच अपने आभार में गांव की विकास को प्राथमिकता दे रहे है।

## जुलूस निकालकर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया



**उतई, 22 फरवरी।** ग्राम महका कला में नवनिर्वाचित सरपंच जितेंद्र कुमार वर्मा और सभी 10 वार्ड के नवनिर्वाचित पंचगणो श्रीमती ओम कुमारी ठाकुर , प्रभाकर वर्मा , रमाकांत बघेल , सरस्वती , श्रीमती गिरिजा , श्रीमती कांति ठाकुर, श्रीमती पदमा ठाकुर , चेतन मांडवी , शकुंत लता चक्रधारी, श्रीमती राधा ठाकुर के साथ विजय जुलूस निकालकर सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## संपादकीय

## संदेश अपने समर्थकों को भी दिया है भूपेश बघेल ने

राजनीति में कई राजनीतिक दल होते हैं। एक दल में कई गुट होते हैं। जो पार्टी सबसे पुरानी होती है,उसमें कई बड़े नेता होते है,सब नेता के अपने अपने गुट होते हैं। सबसे ज्यादा गुट होने के कारण सबसे ज्यादा गुटबाजी होती है।कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, सबसे बड़ी पार्टी है, उसमें कई बड़े-बड़े नेता हैं। इसलिए हर नेता का एक गुट होता है,यानी हर नेता के अपने समर्थक होते हैं।जितने ज्यादा समर्थक होते हैं नेता उतना ही बड़ा माना जाता है,जो नेता चुनाव में अपने समर्थकों को ज्यादा टिकट दिला देता है, वह सबसे बड़ा नेता होता है। बड़ा नेता सीएम या डिप्टी सीएम या मंत्री बन जाता है, उसका गुट राज्य में प्रभावी होता है। यानी उसके गुट की बात दिल्ली में ज्यादा सुनी जाती है, उसके समर्थकों को चुनाव में ज्यादा टिकट दी जाती है। चुनाव में बड़ा नेता जीतता है तो उसके समर्थकों का संख्या बढ़ती है, वह सीएम बनता है, उसके समर्थकों की संख्या दूसरे नेताओं से ज्यादा होती है।चुनाव में हार-जीत तो होती रहती है, जो कल जीता था वह आज हारता भी है,जीतने पर समर्थकों को फायदा होता है तो हारने पर समर्थकों को निराशा होती है। वह जानते हैं कि हारने के कारण उनके नेता की अब राज्य में पहले की तरह नहीं चलेगी। इसलिए वह उस नेता के पास जाने की सोच सकते हैं जिसे हारने वाले नेता की जगह नेता बनाए जाने की उम्मीद है। इसलिए हारा हुआ बड़ा नेता अपने विरोधियों के साथ समर्थकों को मौका मिलने पर यह जताता,बताता रहता है कि मेरा महत्व राज्य कम नहीं हुआ है,राज्य की राजनीति में मेरा दबदबा बना रहेगा।पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने यही किया है।उनको कांग्रेस महासचिव बना कर पंजाब का प्रभारी बनाया गया है।उनके समर्थक बता रहे है कि भूपेश बघेल की कद राष्ट्रीय राजनीति बढ़ गया है। उनके विरोधी बता रहे हैं कि चार चुनाव में लगातार हारने के कारण भूपेश बघेल को राज्य से हटा दिया गया है।राज्य मे भूपेश बघेल को कांग्रेस को दूसरी बार सत्ता में लाने का काम सौंपा गया था, भूपेश बघेल यह काम नहीं कर सके, इसके बाद उनको लोकसभा चुनाव,राजनांदगांव सीट जीतने का काम सौंपा गया,उसमे भी असफल रहे। कांग्रेस एक सीट जीत सकी, भूपेश बघेल राजनांदगांव से लोकसभा चुनाव हार गए। रही सही कसर नगरीय निकाय में हुई बुरी हार से पूरी हो गई। इसके बाद आलाकमान ने उनको छत्तीसगढ़ से हटाकर राष्ट्रीय कांग्रेस का महासचिव बनाकर पंजाब की जिम्मेदारी दी है यानी भूपेश बघेल को पंजाब में कांग्रेस को अगले चुनाव में जिताने का काम सौंपा गया है। यानी अब उनको ज्यादा समय पंजाब को देना पड़ेगा। ऐसे में वह राज्य को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे। ऐसे में स्वाभाविक है कि उनके समर्थकों की संख्या कम हो सकती है। क्योंकि जिसे राज्य की जिम्मेदारी दी जाएगी वह राज्य का बड़ा नेता होगा तो उसके समर्थकों की संख्या ज्यादा होगी।भूपेश बघेल के समर्थक भी उनके पाले में जा सकते हैं। ऐसे में भूपेश बघेल ने कहा तो भाजपा को है कि ज्यादा खुश मत हो, मैं छत्तीसगढ़ छोड़कर नहीं जा रहा हूं।यानी उनको राष्ट्रीय जिम्मेदारी मिलने के बाद भी राज्य की राजनीति में सक्रिय रहेंगे। भाजपा के बहाने वह अपने समर्थकों को संदेश दे रहे हैं कि उनको निराश होने की जरूरत नहीं है,उनके हित का ख्याल वह पहले की तरह ?खेंगे। नगरीय निकाय चुनाव में हार के बाद भूपेश बघेल को पंजाब का प्रभारी बनाने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा यह है कि भूपेश समर्थक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को जल्द बदला जाएगा। क्योंकि हार के लिए उनको भी दोषी माना जा रहा है। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की जमकर चर्चा है। टीएस सिंहदेव ने भी कहा है कि आलाकमान उनको प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी देता है तो वह पीछे नही हटेंगे।भूपेश बघेल खुद को राज्य की राजनीति से बाहर कर दिए गए हैं, ऐसे में वह चाहेंगे कि उनके समर्थक बैज की जगह उनके समर्थक को ही प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए। यानी आदिवासी की जगह भूपेश बघेल अपने समर्थक आदिवासी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहते है। इसके लिए उनके समर्थक नेता दिल्ली पहुंच गए हैं और वहां माहौल बनाना शुरू कर दिया है कि राज्य के आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष को हटाकर किसी गैर आदिवासी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया तो इससे कांग्रेस को आदिवासी क्षेत्र में राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। आदिवासी क्षेत्र में राजनीतिक रूप से नुकसान बचने के लिए बस्तर से ही किसी आदिवासी कांग्रेस नेता को अध्यक्ष बनाना चाहिए। भूपेश समर्थक नेता यहां कांग्रेस अध्यक्ष बना रहेगा तो उसकी आड़ में भूपेश बघेल का यहां की राजनीति में असर बना रहेगा। भूपेश बघेल जानते हैं कि राज्य से हटाने का मतलब यही है कि आलाकमान नहीं चाहता है कि वह यहां रहे। जहां की जिम्मेदारी दी जा रही है, वहां ज्यादा ध्यान दें।ऐसे में अपने समर्थकों को बताना जरूरी है कि तुम लोग मेरे साथ बने रहो, तुम लोगों के लिए मैं दिल्ली में रहकर भी बहुत कुछ कर सकता हूं। भूपेश बघेल ने भाजपा के बहाने अपने समर्थकों को अपने से जोड़े ?खने का प्रयास किया है। ताकि वह राज्य में न रहें तो भी उनके समर्थक रहे ताकि उनको हर बात की खबर मिलती रहे।

सोशल मीडिया

मनोज कुमार अग्रवाल

# सोशल मीडिया पर फूहड़ता और अश्लीलता की हदें टूट रहीं



केंद्र सरकार सोशल मीडिया पर अश्लीलता और आपत्तिजनक कंटेंट को नियंत्रित करने के लिए एक नया और कड़ा कानून लाने की दिशा में काम कर रही है. मौजूदा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एक्ट को बदलकर 'डिजिटल इंडिया बिल' लागू किया जाएगा, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, यूट्यूबर्स, और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नए नियमन होंगे.

केंद्र सरकार इस बिल पर पिछले 15 महीनों से काम कर रही है और इसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रावधानों में विभाजित किया जाएगा. इसमें सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और सूचना प्रसारण से संबंधित विशिष्ट नियमों के अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की गवर्नेंस पर भी ध्यान दिया जाएगा, हालांकि अक के लिए अलग से नियम बनाए जाएंगे।

हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर अलाहबादिया के विवाद के बाद सरकार ने डिजिटल इंडिया बिल के मसौदे को प्राथमिकता दी है. वर्तमान में, सरकार सुप्रीम कोर्ट के समक्ष जवाब देने की जिम्मेदारी से जूझ रही है कि आईटी एक्ट की खामियों को कैसे दूर किया जा सकता है, खासकर अश्लील और फूहड़ कंटेंट को नियंत्रित करने के संदर्भ में.

आईटी एक्ट 2000 में लागू हुआ था, जब देश में इंटरनेट यूजर्स की संख्या महज 60 लाख थी. आज, यह आंकड़ा 90 करोड़ से भी अधिक है, जिससे यह एक्ट अब अपनी प्रासंगिकता खो चुका है. इस बदलाव को ध्यान में रखते हुए, संसदीय समिति ने सरकार से सवाल किया था कि आईटी एक्ट में अश्लील कंटेंट को लेकर क्या प्रावधान हैं. सुप्रीम कोर्ट भी इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगेगा.

सरकार ने मार्च 2024 में 18 ऐसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक किया था, जो अश्लील कंटेंट दिखाते थे. इन प्लेटफॉर्म्स के अलावा, 19 वेबसाइट्स, 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी बंद कर दिया गया था. हालांकि, हमारे द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि इन बैन किए गए ऐप्स में से कई अब टेलीग्राम पर एक्टिव हैं और वहां नए वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं. इन चैनल्स पर डाउनलोड किए गए मोबाइल ऐप्स के माध्यम से भी कंटेंट उपलब्ध हो रहा है, जो नए नियमों की अवहेलना कर रहा है। डिजिटल इंडिया बिल का उद्देश्य सिर्फ डिजिटल कंटेंट को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि तकनीकी गवर्नेंस को मजबूत बनाना है, ताकि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन अपराध, निजता उल्लंघन और सामाजिक सुरक्षा के जोखिमों से बचा जा सके. सरकार की योजना है कि नए कानून में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विशेष नजर रखी जाए और उनका संचालन ज्यादा पारदर्शी और जिम्मेदार बनाया जाए.

बता दें कि डिजिटल इंडिया बिल के तहत सरकार का उद्देश्य एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल वातावरण बनाने का है, जहां अश्लीलता और फूहड़ता का कोई स्थान न हो और उपयोगकर्ता के अधिकारों की सुरक्षा हो.

हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है।

अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता-पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो 'इंडियाज गॉट टेलेंट' के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। आपको पता रहे अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप-शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह-तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चैनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी श्रृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वर्जना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं। विगत में भी एक विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी डिजिटल कंपनियों को शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। यद्यपि आईटी मंत्रालय को आपत्तिजनक एप्स और कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया की निरंकुश भूमिका को देखते हुए एक सख्त कानून की जरूरत महसूस हो रही है। इसके अभाव में ऐसे विवादित कार्यक्रम सुर्खियों में आते रहते हैं। हो-हल्ला होने के बाद प्राथमिकी दर्ज होती है, लेकिन बहुत कम मामलों में आरोपियों को सजा हो पाती है। उन्हें कानूनी संरक्षण देने वाले भी खुलकर सामने आते हैं। यही वजह है रणवीर इलाहाबादिया वाले मामले में शीर्ष अदालत ने उनको लेकर सख्त टिप्पणियां की हैं। नीति-नियंताओं को इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने के लिये कारगर कानून बनाने होंगे ताकि आरोपियों को समय से सजा मिल सके। जिससे रातों-रात फेमस होने की होड़ में सामाजिक विकृतियों व कुंठाओं को प्रश्रय न मिले। सदियों से सहेजे गए जीवन मूल्यों व सभ्याचार का संरक्षण करना समाज की भी जिम्मेदारी है। यदि इसकी महीन लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण होता है तो सामूहिक प्रतिरोध जरूरी है। नीति-नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। तकनीकी क्रांति व विकास का मतलब यह कदापि नहीं है कि हम पश्चिम की विकृतियों व यौन कुंठाओं का अंधानुकरण करें। कालांतर ये प्रवृत्तियां न केवल सामाजिक विद्रूपताओं को सींचती हैं बल्कि अपराधों के लिये भी उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। साथ ही सोशल मीडिया के कंटेंट पर निगरानी के लिये सशक्त नियामक संस्था की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आपका व्यवसाय भी पहले से बेहतर रहेगा, उसमें आप कुछ नई योजनाओं की शुरूआत करेंगे। आपको कोई सरकारी टेंडर भी मिलने की संभावना है। आप अपने कर्ज को उतारने की भी कोशिश में लगे रहेंगे। रुका हुआ धन मिल सकता है। आप अपने पिताजी से यदि कोई वादा करें, तो उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते हैं।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी, लेकिन पारिवारिक विवादों के कारण आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा, जिससे आपका मन काम करने में भी कम लगेगा। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी की योजना बना सकते हैं। आप अपने मित्रों के साथ किसी पार्टी आदि को कर सकते हैं, जिससे आपके मन में चल रही टेंशनों से भी आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। जीवनसाथी आपके कामो में आपका पूरा साथ देंगे।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। लेकिन आप अपने आलस्य को त्याग कर आगे बढ़े और किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें। पार्टनरशिप में यदि आपने किसी काम की शुरूआत की थी, तो उसमें आपको पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के भविष्य को लेकर किसी योजना में धन लगा सकते हैं। सरकारी काम यदि आपका लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

**कर्क-** आज आपको अपने कामों में लापरवाही करने से बचना होगा। आपकी सेहत भी थोड़ी कमजोर रहेगी। वाणी की सौम्यता आपको बनाए रखनी होगी, तभी आप लोगों से अपने काम आसानी से निकलवा सकेंगे। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी। आपका कोई काम बिगड़ते बिगड़ते रह सकता है। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। आप अपने बिजनेस को विदेशों तक ले जाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। मित्रों का आपको पूरा साथ मिलेगा। कुछ नया करने की कोशिश आपकी रंग लाएगी। आपको परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर टेंशन हो सकती है। आपको अपने कामों को किसी दूसरे पर डालने से बचना होगा। पारिवारिक समस्याएं फिर से उठ सकती हैं। माताजी की सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से भाग दौड़ भी अधिक रहेगी। कोई काम समय से पूरा न होने के कारण बॉस से आपको डांट खानी पड़ सकती है।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने मन मे किसी के प्रति नकारात्मक विचारों को न रखें। आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती हैं। यदि आप ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। संतान को किसी नए स्कूल में दाखिला दिलाने की कोशिश आपकी कामयाब रहेगी। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाएं। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर आपको खुशी होगी।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए आध्यात्मिक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपकी किसी पुराने परिजन से मुलाकात हो सकती हैं। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको खर्चों के साथ-साथ बचत करने पर भी ध्यान देना होगा। कानूनी मामलों में आपको किसी अजनबी पर भरोसा नहीं करना है। विद्यार्थियों का पढ़ाई लिखाई से ध्यान भटक सकता है।

**वृश्चिक-** वृश्चिक राशि के जातक के लिए आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके स्वास्थ्य में चिड़चिड़ापन रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप धन को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा न करें। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा, लेकिन आपके कुछ नए विरोधी भी उत्पन्न हो सकते हैं। आप किसी के कहने में आकर कोई इन्वेस्टमेंट करने से बचें। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे और पारिवारिक मामले आपकी टेंशन को बढ़ाएंगे।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आपको बेवजह किसी बात को लेकर टेंशन नहीं लेनी है। संतान को नौकरी में प्रमोशन आदि मिल सकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ चढकर हिस्सा लेंगे। आपकी साख व सम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए आज दिन मिला जुला रहने वाला है। भाई व बहनों से किसी छोटी-मोटी बात को लेकर भी मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी से धन उधार सोच समझ कर लेने की आवश्यकता है। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो वह आपको प्राप्त हो सकती है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों पर अधिक भरोसा नहीं करना है।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने कामों में पूरी सक्रियता दिखानी होगी। कार्यक्षेत्र में आप अपनी जिम्मेदारियों पर खरे उतरेंगे। बॉस आपके प्रमोशन की बात कर सकते हैं। आपकी कोई अच्छी डील फाइनल होगी। किसी नए वाहन की खरीदारी करना अच्छा रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको जीवनसाथी की सेहत को लेकर थोड़ी टेंशन रहेगी। आप अपने खर्चों को थोड़ा नियंत्रित करने की कोशिश करें और दिखावे के चक्कर में न आएं। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आप किसी गलत जगह इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

सेहत

# क्या च्यूइंगम चबाने से घट सकता है आपका वजन?

बचपन में जब हम च्यूइंग गम खाने की जिद किया करते थे, तब मम्मी पापा यह कहकर मना कर दिया करते थे कि यह गले में चिपक जाता है।इसी कारण ज्यादातर लोगों ने इसका सेवन बंद कर दिया था। हालांकि, इन दिनों च्यूइंग गम चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि लोग इसके फायदों को पहचानने लगे हैं।दरअसल, कहा जा रहा है कि च्यूइंग गम चबाने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। आइए जानते हैं कैसे।

**भूख को कम करता है**-च्युइंग गम के मुख्य लाभों में से एक यह है कि इसके जरिए भूख को कम किया जा सकता है। जब आप च्युइंग गम चबाते हैं तो आपके दिमाग को लगता है कि आप कुछ खा रहे हैं। इस अनुभूति के जरिए भूख की भावना को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। जो लोग खान-पान के बाद या पहले च्युइंग गम चबाते हैं, उन्हें बार-बार भोजन करने की जरूरत महसूस नहीं होती, जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है।

**जंक फूड की लालसा को नियंत्रित करता है**-मीठे और जंक फूड आदि की लालसा होना आम बात है, लेकिन यह वजन घटाने के प्रयासों के बीच बाधा बन सकती है। इसे रोकने के लिए आप च्युइंग गम चबा सकते हैं। अध्ययन के अनुसार, भोजन से पहले और बाद में च्युइंग गम चबाने से अस्वास्थ्यकर स्नैक्स खाने की लालसा कम हो जाती है।

वसा, चीनी, तेल-मसालों और अतिरिक्त कैलोरी से लैस भोजन के बजाय इसे चबाना बेहतर हो सकता है।

**दैनिक कैलोरी सेवन को घटाता है**-च्युइंग गम खाने से वजन कम करने में इसीलिए भी मदद मिलती है, क्योंकि यह दैनिक कैलोरी की मात्रा को भी कम करता है।

अगर आपको हल्की भूख महसूस हो तो स्नैक्स आदि की जगह पर च्युइंग गम चबाएं। इससे आपकी दैनिक कैलोरी की संख्या में इजाफा भी नहीं होगा और आपकी तृप्ति की भावना भी बढ़ जाएगी। इससे सीधे तौर पर तो वजन नहीं घटेगा, लेकिन यह थोड़ी कैलोरी जलाने में मदद करेगा।

**क्या च्यूइंग गम चबाने से आपका चेहरा पतला हो सकता है ?**काफी लोग मानते हैं की रोजाना च्यूइंग गम चबाने से चेहरे को पतला किया जा सकता है। हालांकि, यह असल में सच नहीं होता है।च्युइंग गम चबाने के लिए लगातार मुंह चलाना पड़ता है, इसलिए यह चेहरे और जबड़े की मांसपेशियों को सक्रिय कर सकता है।इससे मुख्य रूप से मांसपेशियों की एक्सरसाइज होती है, जिससे उस विशिष्ट अंग की मांसपेशियां टोन होती हैं। हालांकि, इससे चेहरे की चर्बी को कम नहीं किया जा सकता है।

जयंती

# क्रांतिकारी समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती

(अंजनी सक्सेना -विभूति फीचर्स)

स्वामी दयानंद उन्नीसवीं शताब्दी के एक क्रांतिकारी एवं प्रखर बुद्धि के समाज सुधारक थे। जन्म आधारित वर्ण व्यवस्था को वेद-विरुद्ध समझकर उन्होंने समाज को वेदों की सच्चाई बताई। जाति प्रथा एवं आडम्बरों का विरोध किया। उनके खिलाफ सामाजिक न्याय की लड़ाई प्रारंभ की। इस तरह भारतीय समाज को न्याय का मार्ग दिखाकर भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा को प्रस्थापित किया। एक भाषा, एक देश व स्वराज के बीज बोये। स्वामी दयानंद ने भारतीय संस्कृति और नवयुवकों को नव जागरण के लिए प्रेरित किया तो वह शुद्ध स्वदेशी प्रेरणा थी तथा उनकी स्वयं की अन्तःप्रज्ञा का परिणाम थी। वे पश्चिमी बौद्धिकतावादी विचारकों से न तो प्रभावित हुए और न ही उनका अनुगमन किया। वे तो अपनी बाल्यावस्था से ही एक तार्किक सन्यासी के समान चिन्तन करते थे। बिना किसी स्कूल व कॉलेज में विधिवत शिक्षा लिए उन्होंने विद्वान साधु-संन्यासियों से तर्क-वितर्क और धार्मिक ग्रंथों की बौद्धिक विवेचना करना प्रारंभ किया था। उन्होंने व्रत धारण किया था कि संस्कृत भाषा में ही भाषण देना और वातार्लाप करेंगें। बाद में वे हिन्दी भाषा में जन सामान्य से संपर्क करने लगे। अतः यह उनकी शुद्ध आत्ममंथन की सृजनात्मक व सकारात्मक प्रवृत्ति थी, जिसने उनको भारतीय नव जागरण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भारतीय समाज को अंधी आस्था की खाई से निकालकर शुद्ध वातावरण में लाने का प्रयास किया। उन्होंने जड़प्रज्ञ अंध समाज को जगाने और बुद्धिवादी अनुभव परख स्वस्थ परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया, जिसकी आज भी जरूरत है। उनके प्रयासों से बुद्धि की उपासना की सर्वश्रेष्ठ प्रार्थना जो स्त्री-शूद्र सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए वर्जित थी, सबको उपलब्ध हो सकी। इसका ही परिणाम है कि आज विद्या व बुद्धि की प्रेरक मां गायत्री की प्रार्थना हर स्थान पर हर कोई करके अपनी प्रज्ञा शक्ति को बढ़ा रहा है। उन्होंने सभी धर्मों में अंधविश्वासों का खण्डन किया। उदारता को राष्ट्रवाद की विस्तृत अवधारणा दी, जिसमें धर्म व जाति नहीं इंसान व बुद्धि की सच्ची भावना थी।




आज दयानंद को याद किया जाता है। उन्हें भारतीय नव जागरण का अग्रदूत व स्वाधीनता व स्वदेशी का मूर्त रूप समझा जाता है, परंतु उनके अनुयायी सामाजिक बदलाव व बुद्धिवादी विचार से कुरीतियों व अंधविश्वास से लड़ना भूल रहे हैं। स्वामी दयानंद ने कुंभ के मेले में हरिद्वार में एकत्रित अंधविश्वासियों के विचारों का खण्डन कर काशी के विद्वानों से शास्त्रार्थ करके उदार राष्ट्रीयवाद का मार्ग बतलाया, जिसमें न हिंदू न मुसलमान और न ईसाई का भेद था। भेद था तो आडम्बरों का। इन आडम्बरों का उन्होंने बुद्धिवाद से खण्डन किया। आज दुर्भाग्य है कि देश के अनेक राजनेता अपना राजनैतिक प्रभाव बढ़ाने के लिए जातिवाद का सहारा ले रहे हैं। दयानंद ने बुद्धिवाद के सहारे जातिगत सम्मेलनों व उत्सवों तक का विरोध किया था। आज दयानंद जी की जरूरत है क्योंकि भारत में पहले जो आडम्बरयुक्त जातीय घृणा थी,उसे कतिपय राजनीतिक नेताओं द्वारा अपने स्वार्थ के लिए और अधिक प्रश्रय दिया जा रहा है।

## राजनीति

# सपा के लिये 'खतरे की घंटी' बनता जा रहा है अखिलेश का बड़बोलापन

अजय कुमार,लखनऊ



दिल्ली विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की और अयोध्या के मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की हार के बाद उत्तर प्रदेश की सियासत का भी मिजाज बदलता जा रहा है। इस बदलते मिजाज से भारतीय जनता पार्टी की बल्ले-बल्ले नजर आ रही है,वहीं समाजवादी पार्टी के सामने फिर से यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया है कि वह पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक(पीडीए) पर और कितना भरोसा करे।सपा प्रमुख को मिल्कीपुर की हार से तो झटका लगा ही है,लेकिन अखिलेश के लिये उससे भी ज्यादा सदमें वाली बात यह है कि मिल्कीपुर में पीडीए ही नहीं यादव बिरादरी वालों ने भी समाजवादी पार्टी से मुंह मोड़ लिया।यहां करीब 65 हजार यादव वोटर हैं। यादव वोटर से सपा से मुंह मोड़ने की वजह अखिलेश से अधिक अवधेश प्रसाद को बताया जाता हैं। मिल्कीपुर विधान सभा सीट कभी मित्रसेन यादव के वर्चस्व वाली सीट हुआ करती थी,लेकिन 2012 में इसे एससी सीट घोषित कर दिया गया था। तब से यहां का सियासी समीकरण बदल गया। यादव की जगह दलित नेता उभरने लगे। अवधेश प्रसाद भी इसी कड़ी का हिस्सा हैं। वह पासी समाज से आते हैं। इतना ही नहीं अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर के यादव वोटरों को कभी तवज्जो नहीं दी। सपा के बड़े नेता मित्रसेन यादव और उनके पुत्र से भी अवधेश के रिश्ते बिगड़े हुए रहे।

मिल्कीपुर की जीत बीजेपी के लिये आसान नहीं लग रही थी,लेकिन बीजेपी ने अपने राजनैतिक कौशल के जरिये आसान बना दिया। एक तो बीजेपी ने अवधेश के सामने उन्हीं की बिरादरी का नेता चन्द्रभानु पासवान को मैदान में उतार दिया। दूसरे बीजेपी जनता को यह मैसेज देने में भी सफल रही कि समाजवादी पार्टी पारिवारिक पार्टी है। इसलिये उसे सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे के अलावा कोई प्रत्याशी ही नहीं मिला,जबकि यहां समाजवादी पार्टी के कई कद्दावर नेता मौजूद थे।टिकट चाहने वालों की लिस्ट में कुछ यादव नेता भी शामिल थे,जिनको भी अखिलेश के फैसले से झटका लगा। इसके चलते यादव वोटर समाजवादी पार्टी को सबक सिखाने को आतुर हो गये। इसी लिये बीजेपी को शानदार जीत से कोई रोक नहीं पाया।नतीजे आने के बाद जनता के बीच मैसेज गया कि सपा का पीडीए वोट बैंक तार-तार हो गया है। हालात यह हो गई की अखिलेश यादव को स्वयं आगे आकर अपने कार्यकताओं को कहना पड़ गया कि पार्टी पीडीए फामूर्ले से पीछे नहीं हटेगी। 2027 के यूपी विधान सभा चुनाव भी पीडीए के सहारे ही जीता जायेगा,लेकिन मिल्कीपुर से शर्मनाक हार के बाद समाजवादी पार्टी को अपना वोट बैंक बढ़ाने की भी चिंता सताने लगी है। सपा 2027 के विधान सभा चुनाव से पहले कुछ छोटे दलों के उन नेताओं को भी साथ जोड़ सकती है,जिनका अपनी बिरादरी पर अच्छी खासी पकड़ है। इसके साथ ही सपा प्रमुख ने यह भी तय कर लिया है कि वह मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने के लिये मुस्लिमों से जुड़े मुद्दों को संसद से लेकर सड़क तक उछालते रहेगें और जहां जरूरी होगा,वहां चुप्पी साधकर काम चला लेंगे।इस बात का अहसास अयोध्या में दो दलित बच्चियों के साथ हुए अपराध में समाजवादी पार्टी का अलग-अलग नजरिया देखने से साफ भी हो गया। पहली घटना में आरोपी मुस्लिम समाज से जुड़ा सपा नेता था तो पूरी पार्टी और अयोध्या के सपा सांसद अवधेश प्रसाद आरोपी को बचाते दिखे वहीं,वहीं दूसरी घटना में जब सपा को ऐसा कुछ नजर नहीं आया तो वह पीड़ित बच्ची के लिये सार्वजनिक मंच से घड़ियाली आंसू गिराने लगे,लेकिन सपा और उनके नेताओं का कोई भी पैंतरा काम नहीं आया। दलितो,पिछड़ों और यादवों ने पूरी तरह से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को ठेंगा दिखा दिया। सिर्फ मुसलमान ही उसके साथ खड़ा नजर आया। यानी मिल्कीपुर में अखिलेश के पीडीए पर बीजेपी का हिन्दुत्व को लेकर योगी का आक्रमक रवैया काफी भारी पड़ा। मिल्कीपुर का दर्द समाजवादी पार्टी प्रमुख भूल नहीं पा रहे थे तो दूसरी तरफ महाकुंभ में प्रतिदिन जुट रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ अखिलेश की बेचैनी बढ़ा रही थी। महाकुंभ में जातिवाद की दीवारें तोड़कर एकजुट श्रद्धालु सनातन का गौरव बढ़ा रहे थे तो वहीं अखिलेश यादव महाकुंभ को बदनाम करने और लोगों को डराने में लगे थे। अखिलेश को लगता है कि योगी का हिन्दुत्व सपा के पीडीए पर भारी पड़ रहा है।इसी लिये अखिलेश महाकुंभ की व्यवस्था को अव्यस्था का जामा पहनाने में लगे हैं, ताकि लोग महाकुंभ आने से डरे। उसी समय मौनी अमावस्या पर भगदड़ में कुछ लोगों की मौत पर अखिलेश का सियासी प्रलाप और तेज हो गया। वह झूठ और प्रपंच के सहारे अपनी सियासत चमकाने के लिये बार-बार योगी सरकार पर आरोप लगा रहे थे कि सरकार मौत का आकड़ा छिपा रही है। ऐसे में लोग अखिलेश से सवाल करने लगे कि वह पहले 1990 में अयोध्या में कारसेवकों की मौत का आकड़ा बतायें,जब उनके पिता तत्कालीन मुलायम सिंह ने निहत्थे कारसेवकों पर गोली चलाकर सरयू को खून से लाल कर दिया था,लेकिन अखिलेश किसी सवाल का जबाव देने की राजनीति करते ही नहीं है। वह तो इस समय सिर्फ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पीछे पड़े हैं।इसी के चलते समाजवादी पार्टी को भविष्य में और भी बड़ा सियासी नुकसान उठाना पड़ जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।क्योंकि 20 फीसदी मुसलमान वोट पक्का करने के लिये अखिलेश लगातार 80 फीसदी हिन्दुओं को बदनाम और बांटने में लगे हैं,लेकिन इसमें वह फिलहाल तक संभल नहीं पाये हैं। भले ही 2024 के लोकसभा चुनाव में उनका परफारमेंस अच्छा रहा था,लेकिन उनको यह भी पता है कि 2024 के आम चुनाव में सपा को जो जीत मिली उसके पीछे उनका पराक्रम कम, भाजपा नेताओं की भीतरी कलह-कलेश ज्यादा जिम्मेदार थी। कुल मिलाकर अखिलेश की छवि बड़बोले नेता की बनती जा रही है। अखिलेश के साथ सबसे बड़ी समस्या यह नजर आ रही है कि वह जहां चुप रहकर अपनी पार्टी को भला कर सकते हैं,वहां भी जुबान से जहर उगलते रहते हैं।

## एक नजर

### छिन्दगढ़ विकासखंड में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न



**सुकमा 22 फरवरी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के छिंदगढ़ विकासखण्ड में गुरुवार को द्वितीय चरण का मतदान बिना किसी अवरोध के कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। छिंदगढ़ में औसत 76.08 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें 77.34 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 74.98 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। जनपद पंचायत छिंदगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 165 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 70 हजार 220 मतदाता में से कुल एक लाख 53 हजार 421 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमें पुरुष मतदाता 25 हजार 269, महिला मतदाता 28 हजार 152 शामिल हैं।

### ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 56 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 22 फरवरी।** शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने पर 30 प्रतिशत मुनाफा कमाने का झांसा देकर 56 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीरज कुमार वर्मा 44 वर्ष शिवविहार कालोनी डुण्डा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल क्रमांक 85297-52314 व 70738-14456 से कॉल कर प्रार्थी को होम सिक्यूरिटी के नाम पर वाटसअप किया और शेयर बाजार में ट्रेडिंग कर 30 प्रतिशत मुनाफा कमाने का झांसा देकर 13 अलग-अलग खाते में 56 लाख 51 हजार की ठगी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर, 22 फरवरी।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुरा निवासी 21 वर्षीय प्रार्थिया ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी अभिषेक मिश्रा ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया।

### स्थानीय सरकार चुनने ग्रामीण मतदाताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

# ट्रैक्टर से पहुँचे ग्रामीणों ने कहा- गांव के विकास के लिए आए हैं मतदान करने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 22 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत सुकमा जिले की जनपद पंचायत छिंदगढ़ में अपनी स्थानीय सरकार का चुनाव करने ग्रामीण मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। युवा वर्ग ही नहीं, बड़े बुजुर्ग, निशक्तजन और महिला मतदाताओं में भी मतदान करने पोलिंग बूथों में लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिली। कहीं पर महिलाएं अपने बच्चे को गोद में लिए, कहीं पहली बार मतदान करते युवा, तो कहीं उम्रदराज मतदाताओं को सहारा देकर मतदान केंद्रों में लाते ग्रामीण नजर आए।

**ग्रामीणों ने गांव की सरकार चुनने जमकर किया मतदान**-इसी क्रम में छिंदगढ़ विकासखण्ड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत डब्बा के 2 मतदान केंद्र को शिफ्ट करके शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुन्ना में किया गया था। सुबह से ही ग्रामीण मतदाता पैदल चलकर वोट डालने मतदान केंद्र पहुंच रहे थे। कुछ लोग ट्रेक्टर, पिकअप और अन्य साधनों से भी ग्राम सरकार चुनने के लिए पहुंच रहे थे। मतदान केंद्र में वोट डालने के लिए भारी भीड़ जमा थी। लोगों में मताधिकार के लिए उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के प्रति आस्था का प्रदर्शन किया।

**त्रिस्तरीय पंचायत में फर्स्ट टाइम वोटरों में भी दिखा उत्साह**-छिंदगढ़ जनपद में किशोर और साहिल भी 18 वर्ष पूरा करने के पश्चात पंचायत चुनाव में पहली बार मतदान करने पहुंचे। उन्होंने उत्साह के साथ मतदान करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार है, सबको अपना स्थानीय प्रतिनिधि चुनने के लिये मतदान अवश्य करना चाहिए।

**गोद में बच्चे लेकर पहुंचीं डब्बा की महिलाएं**-अपने मताधिकार को लेकर ग्रामीण काफी जागरूक हो चुके हैं। बच्चे को गोद में लेकर ग्राम पंचायत कुन्ना के मतदान केन्द्र में मतदान करने पहुंची श्रीमती हिड़मे ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उहोंने बताया कि गांव के विकास के लिए वोट करना जरूरी है। इस प्रकार छिंदगढ़ जनपद के ग्रामीण मतदाताओं ने पूरे जोश, उमंग और उत्साह के साथ स्थानीय निर्वाचन में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई और जागरूक मतदाता होने का प्रमाण दिया।

## माओवाद क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर से मतदान दल हुए रवाना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ 18 अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए 67 कर्मचारी रवाना

■ कोंटा विकासखंड में 23 फरवरी को होगा मतदान

**सुकमा, 22 फरवरी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के कोंटा विकासखंड में तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को प्रातः 6ः45 बजे से दोपहर 02 बजे तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में हेलीकॉप्टर से जाने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंटा के अस्थायी हेलीपैड से रवाना किया गया। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु 128 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमे संवेदनशील मतदान केंद्र 51 और अति संवेदनशील मतदान केंद्र 77 शामिल हैं। अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र ठाकुर ने मतदान सामग्री का मिलान कर चुके मतदान दलों को शुभकामनाएं देते हुए हेलीकॉप्टर से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। शुक्रवार को 18 अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए 67 कर्मचारियों रवाना किया गया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि चुनाव आयोग के मार्गदर्शन और हमारे राज्य के चुनाव आयोग के अधिकारियों के निर्देश पर चिन्हांकित अति संवेदनशील क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर से मतदान दलों को रवाना किया गया है। हम मतदान से 2 दिन पहले टीमें भेजना शुरू कर देते हैं। आज से मतदान अधिकारी अलग-अलग क्षेत्रों के लिए रवाना हो रहे हैं। सुकमा जिले के अधिकारी-कर्मचारी इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और पिछले लोकसभा चुनाव और उससे पहले भी उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है।

### 44 एलिजा टेस्ट उपलब्ध सिविल सर्जन स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया खंडन

**सुकमा, 22 फरवरी।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय सुकमा डॉ. एमआर कश्यप ने प्रचलित समाचार पत्र में एलिसा रिजेंट खत्म, ब्लड बैंक चलाना मुश्किल शीर्षक से प्रकाशित खबर के संबंध में खंडन




जारी करते हुए कहा है कि 18 फरवरी 2025 की स्थिति में 44 एलिजा टेस्ट उपलब्ध है या उपलब्ध 121 में से 77 एलिजा टेस्ट हो चुका है और शेष 44 टेस्ट जिला चिकित्सालय सुकमा के ब्लड बैंक में उपलब्ध है।

## समाचार संक्षेप

### मनरेगा का भुगतान 90 दिनों के भीतर करने के निर्देश



**सुकमा, 22 फरवरी।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने गुरुवार को जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में सुकमा जनपद पंचायत के सीईओ, विकासखंड समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायकों के साथ बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माणाधीन आवासों को 15 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही, निर्माण कार्यों में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, सीईओ जिला पंचायत ने मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे श्रमिकों को समय पर उनकी मजदूरी प्राप्त हो सके। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे हितग्राहियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें और आवास निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें।

### शिक्षादूतों की हत्या कर साबित किया शिक्षा विरोधी हैं नक्सली: अली

**सुकमा, 22 फरवरी।** नक्सलियों ने दंतेवाड़ा ज़िले के बारसुर थाना क्षेत्र मे अस्थायी अतिथि शिक्षकों की हत्या की जिन दो लोगों की हत्या हुई है, उनमें बामन कश्यप की उम्र 29 साल और अनीस राम पोयाम की उम्र 38 साल है.



बामन कश्यप एक सरकारी स्कूल में शिक्षा दूत यानी अस्थायी अतिथि शिक्षक के रूप में काम कर रहा था।नक्सल विरोधी संस्था बस्तर जागरण अभियान के सदस्य फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नक्सलियों द्वारा हत्या की निंदा करते हुए कहा नक्सलियों का एक बार फिर घिनौना चेहरा सामने आया है,फ़ारूख ने कहा नक्सली शिक्षा दूतों की हत्या कर ये साबित किए हैं के आदिवासी बच्चों के शिक्षा विरोधी हैं माओवादी। फ़ारूख अली ने आगे कहा नक्सली इस बात से बौखलाए हैं के चारों तरफ़ उनकी हार हो रही है,अंदरूनी इलाक़ों मे कैंपों के बनने के बाद ग्रामीण सुरक्षित महसूस कर रहे हैं,नक्सली इस बात से बौखलाये हैं के बस्तर में माओवादियों का वर्चस्व समाप्त हो रहा है,मतदान मे जिस तरह लोग उत्साह दिखाकर मतदान कर रहे हैं इससे साबित हो रहा है जनता विकास और शांति चाह रही है। फ़ारूख अली ने क्षेत्रीय नक्सलियों से अपील किया है बाहरी नक्सलियों के बहकावे मत आइये,मुख्यधारा से जुड़कर विकास की राह चुने आत्मसमर्पण करके एक खुशहाल जीवन व्यतीत करें।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस मुगालते में: साव

**रायपुर, 22 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने रायपुर निवास कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की बंपर जीत हुई है, लेकिन प्रदेश कांग्रेस मुगालते में हैं। उन्होंने कहा कि, नगरीय निकाय में जिस प्रकार के परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनादेश मिला है, उसी प्रकार पंचायत चुनाव के दो चरण में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में परिणाम आया है। वहीं तीसरी और अंतिम चरण में भी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत होगी। जनता भाजपा के डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों पर विश्वास जताएगी। श्री साव ने कहा कि, कांग्रेस का दावा झूठा है। पंचायत चुनाव में इनके नेता कही दिखाई नहीं दिए। कांग्रेस दिल्ली चुनाव, नगरीय निकाय और अब पंचायत चुनाव में भी शून्य में आउट होने वाली है। पार्टी शून्यता की ओर बढ़ रही है।

## कोंटा थाना क्षेत्र में सक्रिय नक्सल गिरफ्तार

■ नक्सली से विस्फोटक एवं नक्सल पर्चा बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 22 फरवरी।** सुकमा जिले में एक सक्रिय नक्सली को विस्फोटक एवं नक्सली पर्चे के साथ पकड़ा गया है। सुकमा जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सली की उपस्थित की सूचना पर 17 फरवरी को थाना कोंटा से जिला पुलिस एवं मुरलीगुड़ा कैंप से जी- 228 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ग्राम बेलपोच्चा की ओर रवाना हुई थी। इसी दौरान ग्राम बेलपोच्चा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुचाकी देवा पिता मुचाकी हुंगा उम्र 18 वर्ष जाति मुरिया ग्राम बेलपोच्चा थाना कोंटा जिला सुकमा बताया। उसने नक्सल संगठन मेहता आरपीसी में मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य करने की जानकारी दी। पकड़े गए नक्सली की निशानदेही पर पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से एक थैले में छुपाकर रखे गए 4 नग जिलेटिन राड, 4 नग इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, करीब 1.5 मीटर कोर्डेक्स वायर एवं नक्सल पाम्पलेट बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपी एवं बरामद सामग्री को थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेक करने पर उक्त आरोपी के विरूद्ध थाना कोंटा मे धारा 190 बीएनएस, 4 (क) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1967 की धारा 13, 23, 38, 39 के तहत पूर्व से प्रकरण पंजीबद्ध है। उपरोक्त प्रकरण में आरोपी मुचाकी देवा के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। विदित हो कि गिरफतार नक्सली द्वारा 7 फ़रवरी को कोंटा- गोलापल्ली मार्ग के ग्राम बेलपोच्चा के पुलिया के पास सुरक्षा बलों को जान से मारने की मंशा से आईईडी बम लगाया गया था, जिसे सुरक्षाबलों द्वारा सूझबूझ सुरक्षित तरीके से बरामद कर सुरक्षा की दृष्टिकोण से निष्क्रिय किया गया था।

## मार्कण्डेय महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर होंगे कई आयोजन

**रायपुर, 22 फरवरी।** राजधानी के अनेक प्राचीन शिवालयों में से एक मार्कण्डेय महादेव मंदिर की ख्याति से सभी अवगत हैं, जहाँ इन दिनों महाशिवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप देने में मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी और सदस्य सतत जुटे हुए हैं। महाशिवरात्रि पर्व इस मंदिर में दिन-रात पूजन-अर्चन के साथ ही भक्ति-संगीत के कार्यक्रम रखे जाते हैं जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल होकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। रायपुर के पेंशन बाड़ा और टैगोरनगर से लगी आवासीय कॉलोनी विवेकानंद नगर में स्थित यह मंदिर सम्पूर्ण शिव परिवार, मार्कण्डेय एवं यमराज सहित विभिन्न अवतारों का प्रतिष्ठित मंदिर है। कभी मंदिर के पास ही बिल्व-पीपल-बरगद का एक विशाल युग्म वृक्ष हुआ करता था, जो कतिपय भूमाफियाओं की लालच का शिकार होकर नष्ट हो गया। यहाँ नाग-नागिन का एक जोड़ा भी रहता था, जो संभवतः भू-माफियाओं द्वारा की गई तोड़फोड़ के बाद काल कवलित हो गया। देखने वालों ने तो शिव पिंडी से लिपटे इस निरापद नाग-नागिन के जोड़े का दर्शन भी किया है! इस वर्ष भी मार्कण्डेय महादेव मंदिर समिति द्वारा उत्साहपूर्वक की जा रही तैयारियों के तहत रंग-रोगन व साज-सज्जा करके मंदिर को नयनाभिराम स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। मार्कण्डेय महादेव मंदिर समिति के सभी सदस्य मार्कण्डेय महादेव मंदिर समिति के सभी सदस्य महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं।



### केशकाल नगर पंचायत के सबसे अनुभवी पार्षद जितेंद्र रजक



**केशकाल, 22 फरवरी।** बात करे नगर पंचायत केशकाल के नवनिर्वाचित पार्षदों की तो अनुभव के आधार पर देखा जाय तो सबसे अनुभवी पार्षद वार्ड क.13 जितेंद्र रजक ने तीसरी बार जीत हासिल की है। नवनिर्वाचित पार्षद जितेंद्र रजक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के नीरज अग्निहोत्री को 39 मतों से पराजित किया है। नवनिर्वाचित पार्षद जितेंद्र रजक ने बताया कि उन्होंने अपना पहला चुनाव 2005 को लड़ा और 2 वोटों से जीत हासिल कर 5 साल जनता की सेवा पश्चात दूसरा चुनाव 2010को लड़ा और मात्र 2 वोटों से पराजित हुआ उसके बाद भी लोगों की सेवा में लगा रहा जिसके परिणामस्वरूप 2015 में 33 वोट से जीत दर्ज कर 5 साल जनता के लिए सेवा कार्य किया . 2020 का चुनाव मात्र 3 वोट से पराजित हुआ और इस बार 2025 को शानदार तरीके से भाजपा के नीरज अग्निहोत्री को 39 वोट

जितेन्द्र रजक ने बताया कि उन्होंने अपने सभी चुनाव कॉंग्रेस प्रत्याशी

# छिंदगढ़ जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ मतदान में लिया भाग



**सुकमा, 22 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत गुरूवार को जनपद पंचायत छिंदगढ़ के सभी ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर उम्र के मतदाताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। मतदान केंद्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही थी। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। चुनाव में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कई मतदाता पहली बार मतदान कर रहे थे, जिनमें उत्साह साफ झलक रहा था। ग्राम पंचायत डब्बा के शिफ्टेड मतदान केंद्र कुन्ना में मतदान केंद्र दूर होने से मतदाता अपने स्वयं के साधन ट्रेक्टर, टेम्पो और पिकअप में चढ़कर भारी संख्या में वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे। मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सहूलियत के लिए पानी, छाया और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। उल्लेखनीय है कि दोपहर 2 बजे तक छिंदगढ़ जनपद पंचायत में कुल 69.68 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमे महिला और पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत क्रमशः 69.37 प्रतिशत और 70.05 प्रतिशत रहा।ग्राम पंचायत एर्राबोर में निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निरीक्षण किया गया। यहां 122 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 114 हितग्राहियों को प्रथम किश्त प्राप्त हो चुकी है।

वर्तमान में 68 आवास निर्माणाधीन हैं और 01 आवास पूर्ण हो चुका है।

### जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित

**सुकमा, 22 फरवरी।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के द्वारा गुरुवार को नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। श्रीमती जैन के द्वारा क्षेत्र क्रमांक 7 केरलापाल के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती माड़े बारसे एवं क्षेत्र क्रमांक 6 गादीरास के नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता कवासी को आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



## पीएम आवास योजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

■ ग्राम एर्राबोर, कूकानार, ढोड्रा सहित अन्य ग्रामों में पहुंचे अधिकारी, जल्द पूरा करने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 22 फरवरी।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने विगत दिवस को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम एर्राबोर, कूकानार, ढोंढरा सहित अन्य ग्रामों का दौरा कर हितग्राहियों से बातचीत की और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने पात्र हितग्राहियों और छुटे हुए लोगों के नाम नवीन सर्वे के माध्यम से जोड़ने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत कूकानार में निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत कूकानार में पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र और हितग्राही उपस्थित रहे। पंचायत सचिव ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत कूकानार के अंतर्गत कुल पांच ग्राम पंचायतें कूकानार, बोकड़ाओडार, टांगारास, बोदारास और पेदारास शामिल हैं। यहां 675 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 602 हितग्राहियों को प्रथम किश्त मिल चुकी है। वर्तमान में 218 आवास निर्माणाधीन हैं, जबकि 07 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जैन ने निरीक्षण के दौरान रोजगार सहायक और सचिव को आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, एनआरएलएम की महिला स्व सहायता समूह को स्वीकृत आवासों के लिए ईंट निर्माण का कार्य सौंपा गया।

### जिला पंचायत सदस्यों का सारणीकरण होगा 23 को

**दंतेवाड़ा, 22 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन, 2025 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में विकासखण्ड कटेकल्याण का मतदान दिनांक 20 फरवरी 2025 को सम्पन्न हुआ। आयोग के समय अनुसूची अनुसार पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्यों का सारणीकरण दिनांक 22 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत कटेकल्याण के सभाकक्ष में समय प्रातः 09 बजे से तथा जिला पंचायत सदस्यों का सारणीकरण दिनांक 23 फरवरी 2025 को जिला पंचायत दंतेवाड़ा के भू-तल स्थित सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से किया जावेगा।

### बालक हाई सेकेंडरी स्कूल कुआकोंडा में 350 प्रशिक्षणार्थी का तृतीय प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 22 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के परिप्रेक्ष्य में जनपद पंचायत कुआकोंडा हेतु तृतीय प्रशिक्षण 21 फरवरी 2025 को कुआकोंडा के बालक हाई सेकेंडरी स्कूल कुआकोंडा में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुआकोंडा में 350 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीपीटी के माध्यम से पीठासीन मतदान अधिकारी क्रमांक 12, 3 को उनके दायित्व एवं कार्यों की विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही समस्त प्रपत्रों को भरने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार तृतीय सत्र में मतपेटी सीलिंग प्रक्रिया को डेमो करके समझाया गया।

**एक नजर**

## संभागायुक्त कावरे स्वामी आत्मानंद स्कूलों के निर्माण कार्यों की जांच में पहुंचे



**रायगढ़, 22 फरवरी।** संभागायुक्त श्री महादेव कावरे आज स्वामी आत्मानंद नटवर स्कूल और चक्रधर नगर स्कूल में निर्माण कार्यों की जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने स्कूल में क्लासेज, लैब, लाइब्रेरी, शौचालय सहित भवन में सभी निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान लोक निर्माण और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के संबंध में संभागायुक्त श्री कावरे ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में हुए डीएमएफ और सीएसआर से हुए निर्माण और मरम्मत कार्यों की जांच के लिए राज्य शासन द्वारा संभागायुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। नटवर स्कूल को डीएमएफ से 3 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है तथा चक्रधर नगर स्कूल में सीएसआर से 49 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। इससे हुए निर्माण कार्यों की आज संभाग स्तरीय टीम के साथ जांच की गई। इसमें चीफ इंजीनियर, ज्वाइंट डायरेक्टर ट्रेजरी, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी सदस्य हैं। सभी की उपस्थिति में स्कूलों में हुए निर्माण कार्यों के औचित्य और गुणवत्ता की जांच की गई है। इसकी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री वेंकट राव, ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, डीएमसी श्री नरेंद्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संभागायुक्त महादेव कावरे के कैंप कोर्ट का रायगढ़ में हुआ शुभारंभ



**रायगढ़, 22 फरवरी।** रायगढ़ में आज से संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने रायगढ़ कलेक्ट्रेट में अपने कैंप कोर्ट की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कोर्ट में लगे 448 प्रकरणों में सुनवाई की।

संभागायुक्त श्री कावरे ने इस मौके पर कमिश्नर कोर्ट में सुचारू काम-काज की दृष्टि से सभी प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कमिश्नर कोर्ट में आने वाले प्रकरणों की अच्छे से जांच कर उसे आगे बढ़ाएं। अपील में लगने वाले प्रकरणों में पक्षकारों और अधिवक्ता गणों के मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज हों। जिससे संबंधितों को सुनवाई से जुड़ी सूचनाएं एसएमएस के माध्यम से अग्रिम रूप से प्राप्त हो। उन्होंने पक्षकारों की पैरवी के लिए उपस्थित होने वाले अधिवक्ता गणों को वकालत नामा प्रस्तुत करने और उसमें अनिवार्य रूप से अपना कांटैक्ट नंबर अंकित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने 20 जनवरी 2025 को रायगढ़ में कैंप कोर्ट में सुनवाई के संबंध में आदेश जारी किया है। जिसके तहत संभागायुक्त श्री कावरे रायगढ़ जिले से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को रायगढ़ कलेक्ट्रेट में करेंगे।

## एसडीएम हरिशंकर पैकरा ने हरी झण्डी दिखाकर किया मतदान दलों को रवाना




**महासमुंद 22 फरवरी ।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जिले में तीसरे चरण का मतदान 23 फरवरी रविवार को होगा । महासमुंद जनपद पंचायत की 105 ग्राम पंचायतों के 279 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संपन्न होगा। इन चुनावों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच पदों के लिए मतदान होगा।जनपद पंचायत महासमुंद में एक लाख 70 हजार 607 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे इनमें पुरुष मतदाता 83 हजार 558 व महिला मतदाता 87 हजार 49 शमिल है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी 105 पंचायतों के 279 मतदान केंद्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महासमुंद ब्लॉक के एसडीएम श्री हरिशंकर पैकरा एवं महासमुंद जनपद के रिटर्निंग अधिकारी श्री कृष्ण कुमार साहू ने सभी मतदान केंद्रों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए कृषि उपज मंडी पिटियाझर से मतदानदलों को हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया। मतदान दलों को मतपेटी सहित मतदान संबंधी अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान उन्होंने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है।उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत महासमुंद में जिला पंचायत सदस्य की संख्या 03, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 105 एवं पंचों की संख्या 1413 है। जिसमें से 560 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वहीं सरपंच के 03 पद निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में पंच के लिए 2124, सरपंच के लिए 470, जनपद सदस्य के लिए 130 अभ्यर्थी, जिला पंचायत सदस्य के 20 अभ्यर्थी है।

# महासमुंद की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को मिली विशेष पहचान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 22 फरवरी।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 17 से 19 फरवरी तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो 2025 में महासमुंद की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को विशेष पहचान मिली। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर मंदिर प्रबंधन के आधुनिकीकरण, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और मंदिरों की भूमिका को सशक्त बनाने पर मंथन करना था। सम्मेलन का उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक विशेष संदेश के माध्यम से इस पहल की सराहना की और मंदिर प्रबंधन में नवीनतम प्रथाओं के आदान-प्रदान को महत्वपूर्ण बताया।इस ऐतिहासिक आयोजन में महासमुंद जिले के दाऊलाल चंद्राकर, दानवीर शर्मा, नुकेश चंद्राकर, डॉ. नीरज गजेंद्र, ईश्वर सिन्हा और लक्ष्मीनाथ चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ की मंदिर परंपराओं और संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने प्रदेश के ऐतिहासिक मंदिरों के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की और उनके विकास में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया।सम्मेलन में 58 से अधिक देशों के 1,581 मंदिरों के 3162 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान 111 से अधिक विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। इस दौरान 15 कार्यशालाएं आयोजित की गईं और 60 से अधिक प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें मंदिरों के प्रबंधन और आधुनिकीकरण से जुड़ी तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

### मंदिर प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों पर फोकस

सम्मेलन में मंदिर सुरक्षा, वित्तीय प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, बड़े पैमाने पर भोजन वितरण, भीड़ नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। 75 से अधिक अत्याधुनिक नवाचारों को प्रस्तुत किया गया, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और फिनटेक समाधानों का उपयोग भी शामिल था।

### स्मार्ट टेंपल मिशन और नई पहल

सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मंदिर महासंघ की स्थापना की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सनातन धर्म को एकजुट और सशक्त बनाना है। साथ ही, मंदिरों के आधुनिकीकरण और डिजिटल परिवर्तन के लिए स्मार्ट टेंपल मिशन की शुरुआत की गई, जो मंदिरों में आधुनिक तकनीकों के समावेश को बढ़ावा देगा।

सम्मेलन में मंदिर प्रबंधन, आधुनिकीकरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना, जिससे वैश्विक मंदिर समुदाय के बीच सहयोग और ज्ञान साझा करने की दिशा में नए आयाम स्थापित हुए। महासमुंद के प्रतिनिधियों की भागीदारी ने छत्तीसगढ़ के धार्मिक महत्व को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई।

# दूसरे चरण में हुआ 87.27 प्रतिशत मतदान

- धरमजयगढ़ में 86.18 और खरसिया में 88.82 प्रतिशत वोटिंग
- 23 फरवरी को तीसरे और अंतिम चरण में लैलूंगा, घरघोड़ा और तमनार में डाले जाएंगे वोट





**रायगढ़, 22 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण में धरमजयगढ़ और खरसिया विकासखंड में 20 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। दोनों ब्लॉक में मिलाकर कुल 87.27 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें धरमजयगढ़ में 86.18 और खरसिया में 88.82 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ के 118 और खरसिया के 81 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत बनाए गए कुल 469 मतदान केंद्रों में वोट डाले गए। जिसमें सुबह 09 बजे की स्थिति में खरसिया में 9.9 प्रतिशत और धरमजयगढ़ में 4.78 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह सुबह 11 बजे की स्थिति में धरमजयगढ़ में 16.16 एवं खरसिया 29.36 मतदान प्रतिशत था। इसी तरह दोपहर 1 बजे तक की स्थिति में धरमजयगढ़ में 55.07 एवं खरसिया में 49.54 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। वहीं मतदान समाप्ति पर धरमजयगढ़ में 86.18 और खरसिया में 88.82 प्रतिशत सहित कुल 87.27 प्रतिशत मतदान हुआ।

### दूसरे चरण में 2 लाख 17 हजार 517 मतदाताओं ने डाले वोट

खरसिया एवं धरमजगढ़ के कुल 199 ग्राम पंचायतों के लिए 469 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जहां मतदाताओं ने ग्राम पंचायत के सरपंच और पंच पदों के साथ जनपद और जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान किया। जिसमें कुल 2 लाख 17 हजार 517 मतदाताओं ने वोट डाले। जिसमें 01 लाख 06 हजार 506 पुरूष मतदाता, 01 लाख 11 हजार 10 महिला मतदाता एवं 1 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। जिसमें खरसिया ब्लॉक के 81 ग्राम पंचायतों के लिए 183 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

जहां कुल 91 हजार 89 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसमें 45 हजार 07 पुरुष मतदाता एवं 46 हजार 82 महिला मतदाताओं ने वोट डाले। इसी प्रकार धरमजयगढ़ विकासखंड के 118 ग्राम पंचायतों के लिए 286 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहां कुल 1 लाख 26 हजार 428 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 61 हजार 499 पुरुष मतदाता एवं 64 हजार 928 महिला मतदाता तथा 1 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है।त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत तृतीय और अंतिम चरण में 23 फरवरी को लैलूंगा, तमनार और घरघोड़ा ब्लॉक में मतदान संपन्न होगा।

## राजिम कुंभ कल्प में साहू समाज के भंडारे में लोगों को मिल रहा निशुल्क भरपेट भोजन

**राजिम,22 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला में साहू समाज राजिम भक्तिन मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन भोग भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। 12 फरवरी से प्रारंभ हुआ यह भंडारा 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। भंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु निशुल्क भरपेट भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। भोजन प्रसादी के रूप में चावल दाल सब्जी परोसी जा रही है। समिति द्वारा लाउड स्पीकर से अनाउंस कर मेला घूम रहे लोगों को भोजन के लिए आमंत्रित किया जाता है। प्रतिदिन भंडारे की शुरुआत राजिम माता की पूजा अर्चना के साथ की जाती है।

नगर साहू संघ राजिम की ओर से भोग भंडारा की व्यवस्था-शुक्रवार को नगर साहू संघ राजिम द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। नगर साहू संघ के अध्यक्ष भवानी शंकर साहू के नेतृत्व में प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी होरीलाल साहू, आकाश सिंह राजपूत, भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, उपाध्यक्ष होरीलाल साहू, वरिष्ठ मनीराम साहू, किशन लाल साहू, मुकेश साहू, वामन साहू, बादल साहू ने भंडारा में सहयोग प्रदान किया।

# भैरमगढ़ में अंतिम चरण का मतदान 23को,मतदान दलों की रवानगी प्रारंभ

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 22 फरवरी ।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत् बीजापुर जिले में अंतिम चरण का मतदान कल 23 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत भैरमगढ़ में होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैरमगढ़ श्री पीआर साहू ने बताया की जनपद पंचायत भैरमगढ़ के 60 ग्राम पंचायतों के लिए 89 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। विकासखण्ड के 175 वार्डों में पंच का तथा 48 ग्राम पंचायतों में सरपंच का निर्वाचन होगा। इसके अतिरिक्त 15 जनपद क्षेत्रों एवं 03 जिला पंचायत क्षेत्र में मतदान होगा। विकास खण्ड में कुल 16649 महिला एवं 15521 पुरुष तथा 06 अन्य इस प्रकार कुल-32176 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री विकास सर्वे के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी श्री सूर्यकांत घरत तथा जनपद सीईओ श्री पीआर साहू द्वारा सुचारू रूप से मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्था कराया गया। प्रातः 7ः00 बजे से दूरस्थ क्षेत्र कुटरू, रानीबोदली तथा फरसेगढ़ के मतदान दलों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया। मतदान दलों द्वारा सामग्री मिलान पूर्ण करने पर प्रातः 10ः00 बजे कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कलेक्टर द्वारा मतदान दलों को स्वतंत्र निष्पक्ष तथा निर्भिक होकर मतदान की प्रकिया सावधानी के साथ पूर्ण करने की समझाईस देते हुए कुशलता पूर्वक कार्य संपादन के लिए शुभकामनाएं दिया गया। शेष मतदान दलों को भी मतदान सामग्री वितरण किया जा चुका है। जिसे दोपहर 2ः00 बजे तक मतदान केन्द्रों के रवाना कर दिया जायेगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल मोहन राणा का मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में सफल ऑपरेशन



**रायगढ़, 22 फरवरी।** गत दिवस 14 फरवरी की शाम 6.40 बजे लोईंग के रहने वाले 50 वर्ष वर्षीय मोहन राणा को सड़क दुर्घटना के पश्चात गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के आपातकालीन चिकित्सा विभाग में लाया गया। उनका एक्सीडेंट लोईंग रोड रायगढ़ में ट्रक से हुआ था, दुर्घटना के बाद उनके बांए छाती और बायी ओर पेट पर गंभीर चोट लगी थी। जिनके कारण बायी ओर का फेफड़ा और ऑत बाहर आ गया था और डायाफ्राम में भी गंभीर चोट लगी थी। डायाफ्राम मानव शरीर में श्वांस की क्रिया के लिए मुख्य मांसपेशी होती है। साथ ही बायी ओर छटी पसली के नीचे सारी हड्डी टूटी हुई थी इस जटिल ऑपरेशन कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टरों की टीम ने मरीज की जान बचायी। मोहन राणा का सफल ऑपरेशन डीन डॉ.विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया गया।

ऑपरेशन के संबंध में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बताया कि आपातकालीन विभाग से सर्जरी और निश्चेतना विभाग टीम ने सर्वप्रथम मरीज मोहन राणा को गंभीर अवस्था से बाहर निकाला फिर तत्काल ही सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले गए। ऑपरेशन के दौरान बड़ी आत में छेद भी मिला और डायाफ्राम का बड़ा हिस्सा नष्ट होने के कारण उसे मेश से रिपेयर किया गया। ऑपरेशन के दौरान सर्जरी और निश्चेतना विभाग की टीम ने मरीज के गंभीर अवस्था में रहने के बावजूद 5 घंटे चली सर्जरी को सफल किया। सर्जरी के बाद आईसीयू में गहन निरीक्षण में रखा गया। इस दौरान लगातार विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम गहन चिकित्सा ईकाई आईसीयू में ही उपस्थित रहे। 17 फरवरी 2025 को मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और 18 फरवरी 2025 से आईसीयू में चलना शुरू कर दिया। अभी मरीज मोहन राणा की स्थिति अच्छी है और वह अपनी दैनिक कार्य शुरू कर दिये है। आज मरीज को सर्जरी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया हैं। ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण था डॉक्टरों की कुशल टीम ने संभव कर दिखाया। ज्ञात हो कि स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में लगातार मरीजों का बेहतर इलाज हो रहा है।सर्जरी टीम में विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार हरिप्रिया, डॉ.एस.के.माने सहप्राध्यापक, डॉ.खेम सागर पटेल सहायक प्राध्यापक, डॉ.नेहा श्रीवास्तव सीनियर रेसिडेंट, निश्चेतना विभाग टीम के विभागाध्यक्ष डॉ. ए.एम.लकड़ा, डॉ.लक्ष्मी यादव, डॉ.अमितेश पाण्डेय, डॉ.हरप्रीत साहू द्वारा जटिल ऑपरेशन को सफलता पूर्वक किया।

## जनादेश का सम्मान करते हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया ताटी ने



**भोपालपटनम,22 फरवरी।** बीजापुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01(तिमेड) के सदस्य का पद इस बार महिला के लिये आरक्षित होने के कारण कांग्रेस पार्टी द्वारा समर्थित श्रीमती लक्ष्मी बसंत ताटी वहाँ से उम्मीदवार थीं।उल्लेखनीय है कि भोपालपटनम् के वरिष्ठ नेता बसंत ताटी अबतक जिला पंचायत सदस्य के रूप में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे श्रीमती लक्ष्मी ताटी के खिलाफ चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत ताटी ने तुरंत क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाताओं से प्रत्यक्ष भेंट कर सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि मतदान किसी के भी पक्ष में किया हो लेकिन क्षेत्र के मतदाताओं का स्नेह और सहयोग उन्हें मिलता रहा है और इस बार भी काफी लोगों ने उनके परिवार के प्रति भरोसा जताकर वोट दिये हैं।इसके लिये वे हमेशा उनके आभारी रहेंगे।जीत-हार तो चुनाव के हिस्से हैं।ताटी ने सभी कार्यकर्ताओं के आत्मीय सहयोग के लिये उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।उन्होंने कहा कि जनादेश का सम्मान करना हमारा नागरिक कर्तव्य है,इसलिये हम उसे दिल से स्वीकार करते हैं,लेकिन हम निराश कतई नहीं हैं।हम क्षेत्र में पूर्व की भाँति पूरी सक्रियता के साथ जनसेवा का कार्य करते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिये अपनी आवाज़ उठाते रहेंगे। बसंत ताटी ने शाँतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिये जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा चुनावकार्य में अपने-अपने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया।

## 214 वाहिनी सीआरपीएफ का सिविक एक्शन कार्यक्रम




**बीजापुर,22 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के 214वीं वाहिनी के.रि.पु.बल दुगौली, कैम्प द्वारा श्री के.डी. जोशी, कमाण्डेन्ट के मागदर्शन में जनकल्याणकारी योजना 2024-25 (सिविक एक्शन प्रोगाम) के तहत दिनाँक 21/02/2025 दिन शुक्रवार को डी/214 समवाय कोडेपाल में सिविक एक्शन प्रोगाम एवं जी/214 कोइतपाल में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रम में कोडेपाल एवं कोइतपाल के सीमावर्ती गाँवो के भारी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं आम जनता के बीच आपसी प्रेम और सौहार्द कायम रह सके एवं आम जनमानस का पुलिस फोर्स पर अपना विश्वास कायम हो सके।डी/214 बटालियन कोडेपाल द्वारा स्थानीय ग्रामीण जन को उनकी जरूरत के अनुसार साईकिल, वाटरटैंक, कम्बल, बर्तन, स्कूल बैग, शिक्षा सामग्री, सोलर लालटेन, चप्पल, यूनीफार्म, क्रिकेट किट बैग, वॉलीबाल एवं फुटबाल इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया। डी/214 बटालियन द्वारा आयोजित, फ्री मेडिकल कैम्प में ग्रामीणों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया व डॉ0 स्त्रोत गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी (ओ0जी0) द्वारा उनका परीक्षण किया गया। इस मौके पर श्री रणधीर कुमार झा, द्वितीय कमान अधि0, श्री विवेक कुमार, द्वितीय कमान अधि0, डॉ0 स्त्रोत गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओ0जी0), श्री के.एस. नेगी, उप कमाण्डेन्ट, निरीक्षक/जीडी शंकर लाल चतुर्वेदी डी/214 एवं स्थानीय गणमान्य सरपंच व कई गाँवों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।श्री रणधीर कुमार झा, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा सभी को के0रि0पु0बल द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत प्रमुखों और प्रतिनिधियों को कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में बताया व जनता से अपील की कि सभी भविष्य में भी बढ़-चढ़ कर अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लें तथा आम जनमानस को मुख्य धारा में जुडने एवं सरकार की योजनाओं का फायदा लेने के लिए अवगत कराया।विभिन्न ग्राम पंचायत प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 214वीं बटालियन द्वारा वाहिनी की इस पहल और प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान न केवल जनता को जागरूक करते है बल्कि युवाओं को स्वस्थ और रचनात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करते है ।

## केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल ने किया उसूर में सिविक एक्सन प्रोग्राम



**बीजापुर,22 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 21/02/2025 को बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र उसूर में एफ/196 वी वाहिनी के रिपुबल ने कुमार मनीष कमाण्डेन्ट 196 बटालियन के मार्ग दर्शन एवं निर्देशन में सहायक कमाडेन्ट संतोष कुमार पटेल के नेतृत्व में सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत उसूर क्षेत्र एवं अन्य गांव नडपल्ली, टेकम`टला, पेरमपल्ली, पुटापल्ली के जरूरतमन्द महिलाओ, पुरूषों एवं स्कूल के बच्चों को दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली सामाग्री जैसे कम्बल, साल, साडी, धोती, लूंगी, सूट, सोलर लाईट, टेलीविज, चप्पल एव` वर्तन में (कढाई, स्टील पतीला, डेग्ची, पानी का ड्रम) कृषि यंत्र में (फावडा, गैंती, कुलाडी, कुदाल) एवं स्कूली बच्चों के लिये (कापी, पेन, पेन्सिल, स्कूल बैग, स्कूल यूनिफार्म, फुटबाल, क्रिकेट किट, बालीबाल) इत्यादि का वितरण किया गया। इस दौरान सूदूर आंचल से आने वाले ग्रामीणों एवं बच्चों के लिये कैम्प परिसर में जलपान की ब्यवस्था भी की गई थी। कार्य कर्म में सहायक कमाण्डेट नें ग्रामीणो से संवाद करते हुये कहा कि इस क्षेत्र के लोगो की सुरक्षा के साथ मूल-भूत आवष्यकताओ की पूर्ति हेतु सरकार के द्वारा चलाया जा रहा सिविक ऐक्सन कार्य कर्म के माध्यम से तथा अन्य योजनाओ का लाभ ग्रामीणें को मिले, इसी पर केंद्रीय रिर्जब पुलिस बल हमेशा भरसक प्रयासरत रहती है और क्षेत्र में शांति स्थापित करने एवं ग्रामीणों के बीच सोहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिये भविष्य में भी प्रयासरत रहेगी। इस कार्य कर्म की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की और ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में नक्सल समस्या खत्म करने में केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल एवं पुलिस प्रशासन का हर सम्भव सहयोग करने की प्रतिबधता जताई।

# गुरूर एवं गुण्डरदेही विखं में तीसरे चरण के चुनाव की तैयारियां पूर्ण



## कलेक्टर ने देखी व्यवस्थाएं, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 22 फरवरी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड में तृतीय चरण का मतदान रविवार 23 फरवरी को संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के दिशा-निर्देशन में बालोद जिले में तृतीय चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चैबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है। रविवार 23 फरवरी को होने वाले तृतीय चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय आईटीआई खल्लारी एवं गुरूर विकासखण्ड के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान दलों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी।

## एक नजर

### लापता महिला का जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**बालोद, 22 फरवरी।** 18 तारीख की सुबह घर से लापता महिला का शव जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाया है। डौंडी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को शव सौंपकर मामले की जांच में जुटी है। महिला की लाश डौंडी थाना क्षेत्र के सुरडोंगर और खुर्सीटिकुर गांव के बीच जंगल में मिली है। सड़ी गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतिका 33 वर्षीया दुलेश्वरी साहू ग्राम सुरडोंगर की रहने वाली है। मृतिका के 2 बच्चे भी हैं। मृतिका के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मायके नहीं जाने देने पर महिला घर से निकल गई थी। उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्मार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा कि महिला ने आत्महत्या की है या कुछ और मामला है।

### जिला पंचायत कोरबा चुनाव के प्रथम चरण के परिणाम घोषित

**कोरबा 22 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत जिला पंचायत कोरबा के 12 निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रथम चरण में 1 से 4 तक के निर्वाचन क्षेत्रों में 17 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। ग्रामीण मतदाताओं ने पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के चयन के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग ने प्रथम चरण के चुनाव परिणाम घोषित किए। मतगणना प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात उन्होंने सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया। घोषित परिणामों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र 01 से श्रीमती रेणुका राठिया निर्वाचित हुईं।निर्वाचन क्षेत्र 02 से अनंत सुष्मिता कमलेश विजयी रहीं। निर्वाचन क्षेत्र 03 से श्रीमती सावित्री अजय कंवर को सफलता मिली। निर्वाचन क्षेत्र 04 से श्री रज्जाक अली निर्वाचित हुए। रिटर्निंग अधिकारी श्री नाग ने सभी विजयी प्रत्याशियों को सम्यक निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सकों को पंजीयन नवीनीकरण कराने के निर्देश

**कोरबा 22 फरवरी।** छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सक जिनका पंजीयन स्थानीय परिषद में 24 जुलाई 2002 से 31 दिसंबर 2019 के मध्य हुआ है। शासन के निर्देशानुसार उन्हें छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक, यूनानी तथा प्राकृतिक व्यवसायी अधिनियम 1970 की धारा 21, परिषद की संपन्न 17 वीं एवं 20 वीं बैठक में लिए गए निर्णयों तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग विनियम 2023 (आचार एवं पंजीयन) की धारा 7 के परिपालन में अपने पंजीयन का नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आरबीएसके (चिरायु) तथा आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सकों के द्वारा उक्त अवधि में अपने पंजीयन का नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है जो कि उपरोक्त वर्णित अधिनियम एवं विनियम का उल्लंघन है। सीएमएचओ ने बताया कि रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा परिषद रायपुर ने ऐसे आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सक जिन्होंने अंतिम तिथी 31 जनवरी 2025 तक नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है उनका पंजीयन छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक, यूनानी तथा प्राकृतिक चिकित्सा व्यवसायी अधिनियम, 1970 की धारा 21 (1) के तहत निरस्त करने के निर्देश दिए है।

# तिल्दा-नेवरा जिला पंचायत क्रमांक 6 से क्यों हुई अनुराधा वर्मा की हार

## भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता ने हार के पीछे कारणों की जांच करने संगठन से की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 22 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत चुनाव में रायपुर जिला पंचायत क्रमांक 6 से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अनुराधा वर्मा को पार्टी ने अपना प्रत्याशी अधिकृत तो कर दिया लेकिन हर ग्राम पंचायत में भारतीय जनता पार्टी तीन टुकड़ों में बंटे हुई दिखी। इसमें कुछ ऐसे भी भारतीय जनता पार्टी के लोग थे जो पार्टी के बूथ अध्यक्ष एवं विभिन्न पदों पर रहते हुए अधिकृत प्रत्याशी अनुराधा के खिलाफमें खुलकर के काम किया ऐसे कार्यकर्ताओं के खिलाफमें पार्टी ने किसी तरह का एक्शन नहीं लिया पार्टी केखिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व सरपंच संतोषी वर्मा और उसके समर्थन में पंचायत क्रमांक 6 में चुनाव प्रचार करने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफमें किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं होना निष्ठामन कार्यकर्ताओं को दुख लग रहा है पार्टी के कई पुराने कार्यकर्ताओं ने इस जिला पंचायत क्रमांक 6 में अनुराधा वर्मा की हार पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अपनी हार बताई है और कहां है की तिल्दा भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल में मंडल में कार्यकर्ताओं पर किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है क्योंकि यहां मंडल का अध्यक्ष भी अभी तक नहीं बनाया गया है इसलिए हर बूथ पर कार्यकर्ता की आपस में ही चुनाव लड़े और पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ में भी तीन भागों में अलग-अलग दिखाई दिए कारण इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के तीन उम्मीदवार अलग-अलग चुनाव लड़ रहे थे जिला पंचायत के जिसमें भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अनुराधा वर्मा को घोषित किया गया था इसके अलावा सेल साहू वह भी भारतीय जनता पार्टी के समर्पित बताई गई है तो दूसरी ओर संतोषी वर्मा और भारतीय भारतीय जनता पार्टी समर्पित ही सेल साहू भी पार्टी की कार्यकर्ता के रूप में रही है हालांकि सेल साहू ने क्रमांक 6 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भारी मतों से जीता है उन्होंने अनुराधा वर्मा भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी को हराया है परंतु पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की बुरी तरह हर को लेकर के अलग-अलग सवाल उठाए जा रहे हैं।

पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कई सवाल खड़े कर दिए गए हैं करण जहां इस जीत से बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की निंद उड़ा दी है। संगठन की दृष्टि से गांव गांव में बूथ कार्यकर्ता सक्रिय कार्यकर्ता सहित हजारों कार्यकर्ता होने के बाद चुनाव





स्वतंत्र उमीदवार से हारना समझ से परे है। इस का मुख्य कारण कुछ बीजेपी नेता मंत्री जी की बात तक नहीं माने और बीजेपी संगठन के खिलाफ चुनाव प्रचार किया है जो समझ से परे है। उल्लेखनीय रहे जिला पंचायत क्रमांक 6 पूर्व में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का क्षेत्र रहा है और विकास के अनेक कार्यों के बावजूद बीजेपी प्रत्याशी की हार होना चिंतन का विषय है।

बताया जाता है बीजेपी प्रत्याशी के खिलाफ सैकड़ों बीजेपी की स्थानीय कार्यकर्ता है जो विभिन्न पद पर रहे है। दूसरी ओर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के विरोधी भी इस चुनाव में कार्य किये है इसमें कुछ प्लांट के प्रबंधकों के लोगो का नाम सामने आ रहा है। इसमें महेंद्रा स्पंच आयरन, संभव संयंत्र, ओर मिलेनियम संयंत्र है जो बीजेपी के प्रत्याशियों को हराने अलग अलग गावो में फंडिग की जानकारी मिल रही है।

हालांकि तिल्दा ब्लाक से रायपुर जिला पंचायत की दो सीट आती है इसमें पूर्व में सात क्रमांक स्वतंत्र रही है इस बार बीजेपी की स्वाति वर्मा चुनाव जीत ली है और यह सीट बीजेपी की झोली में गई है। ओर क्रमांक 6जो पूर्व में बीजेपी के पास थी इस बार स्वतंत्र प्रत्याशी शैल साहू ने जीत ली है। प्लांटों के विरोध के चलते भी हुआ नुकसान को गांव लखना सुगेरा, बेमता, भूमिया सहित अनेक गांव है जो सोमनाथ से नदी के पानी और एनीकेट के पास प्लांट लगने का विरोध ग्रामीणों ने किया है और पिछले कुछ महीनों से गांव के लोग विरोध कर रहे है।

सोमनाथ से महेंद्रा स्पंच तक आने वाली पाइप लाइन लखना के बाद नहीं जा पाई है। गांव के विरोध के बाद दूसरे गांव की तरह से लाइन लाने प्रयास रत प्लांट का विरोध हुआ और इससे ग्रामीणों ने बीजेपी प्रत्याशी का विरोध किया है। इस कारण रायपुर जिला पंचायत के इस 6क्रमांक में बीजेपी ने बीजेपी के प्रत्याशी को ही हराया। कांग्रेस मुक्त रहा जिला पंचायत सदस्य का चुनाव है यहां कांग्रेस मैदान में नहीं थी यानि कांग्रेस मुक्त हो गया जिला पंचायत क्रमांक 6 इस का श्रेय मंत्री टंक राम वर्मा को ही जाता है अपने जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस को इस कदर हराया कि इस बार कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं था।

# मापदंड अनुरूप व्यवस्थाएं दुरुस्त करने दिये निर्देश

## कलेक्टर ने ली पीएमश्री स्कूल के प्रचार्यों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी नें शुक्रवार को पीएमश्री स्कूल के प्रचार्यो की बैठक लेकर शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कार्यक्रम, अधोसंरचना, मानव संसाधन आदि के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित मानदण्ड अनुरूप स्कूल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये।



कलेक्टर नें कहा कि पीएमश्री स्कूल केंद्र प्रायोजित योजना के तहत संचालित किये जा रहे हैं जिसका उद्देश्य न्यायसंगत, समवेशी और मनोरंजनपूर्ण वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने जिले में संचालित सभी 12 पीएमश्री स्कूल को निजी स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं उपलबध कराने एवं बेहतरीन प्रदर्शन हेतु प्रतिबद्ध रहने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों के लिए वित्तीय वर्ष के लिए आवंटित राशि का उपयोग 31 मार्च तक की स्थिति के लिए आकलन करनें तथा राशि शेष रहने की स्थिति में समर्पण की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अधूरे निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा कराने लगातार मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिये। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का उत्कृष्ट परिणाम लाने भरसक प्रयास करने कहा।

बताया गया कि जिले में 12 पीएमश्री स्कूल संचालित हैं जिसमें 6 प्राथमिक एवं 6 हायर सेकेण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सुनसुनिया, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सुरखी , पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा मानपुर, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला छड़िया, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला मुड़पार, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली रोड टुंडरा,पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय लवन, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिमगा,पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय शिवलाल मेहता उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा,पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विष्णुदत्त वर्मा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पलारी,पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सुहेला शामिल हैं। बैठक में ड ईओ हिमांशु भारतीय, डीएमसी एम.एल. ब्राम्हनी सहित प्राचार्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने खेत में पहुंचकर फसल का किया अवलोकन

■ कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा फसल प्रदर्शन के लिए किसान के खेत का किया गया है चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 22 फरवरी।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज अपने गुण्डरदेही विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम बासिन के किसान रामनाथ साहू के खेत में पहुँचकर उनके फसल का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसान रामनाथ साहू द्वारा अपने खेत में लगाए गए अलसी फसल की कुल लागत, उत्पादन एवं फसल की बिक्री के लिए मार्केटिंग व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। किसान रामनाथ साहू के द्वारा 01 एकड़ जमीन में लगभग 03 क्विंटल अलसी का फसल उत्पादन होने की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद के द्वारा किसान रामनाथ साहू के खेत के इस फसल को फसल प्रदर्शन के लिए चयनित किया गया है। मौके पर उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि किसान रामनाथ साहू को उनके खेत में अलसी फसल के उत्पादन हेतु उच्च क्वालिटी का अलसी बीज एवं उर्वरक, कीटनाशक दवाईयां आदि प्रदान करने के अलावा बेहतर उत्पादन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा नियमित रूप से सलाह एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि पूर्व में रामनाथ साहू एवं अन्य किसानों के द्वारा अपने खेतों में ग्रीष्मकालीन धान लगाया जाता था। लेकिन जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिले में चलाए जा रहे अभियान से प्रेरित होकर ग्राम बासिन के किसान ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन एवं तिलहन के फसल का उत्पादन कर रहे है।



## कलेक्टर ने शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय कमरौद का किया निरीक्षण

# मरीजों से बातचीत कर पूछा हालचाल, अस्पताल की व्यवस्थाओं की ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 22 फरवरी।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय कमरौद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में इलाज हेतु पहुँचे मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित मरीजों एवं ग्रामीणों से अस्पताल के व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली।



चन्द्रवाल ने अस्पताल में इलाज की व्यवस्था, दवाईयों की उपलब्धता एवं इलाज हेतु अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मौके पर इलाज हेतु पहुँचे ग्राम पिरीद निवासी मुकुंदराम निर्मलकर, सेवकराम एवं सुरेश कुमार ने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल कमरौद में इलाज की बेहतर व्यवस्था के अलावा समुचित मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित होने की जानकारी दी। मरीजों एवं ग्रामीणों ने अस्पताल की बेहतर व्यवस्था की सराहना भी की।



इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल के औषधि संधारण कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं शासकीय आयुर्वेद अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक से अस्पताल एवं औषधालय में उपलब्ध दवाईयों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारियों को अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय एवं मधुर बातचीत कर उन्हें बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### भाटापारा में सर्वाधिक मतों से विजयी पार्षद ने रैली निकालकर मतदाताओं का जताया आभार



**भाटापारा, 22 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका चुनाव परिणाम की घोषणा मे शहर के 31 वार्ड पार्षदो के निर्वाचन परिणाम मे मुंशीइस्माईल वार्ड से कांग्रेस पार्टी के चन्द्रशेखर चक्रधारी ने सर्वाधिक मत हासिल किया है वे 960 वोट हासिल कर विजयी सभी पार्षद प्रत्याशियों मे सबसे अधिक वोट प्राप्त करने का रिकॉर्ड बनाया ,चन्द्रशेखर चक्रधारी इस वार्ड से पूर्व मे भी पार्षद रह चुके है, सीधा सरल स्वभाव ही उन्हें पुनः मुंशीइस्माईल वार्ड कि जनता ने चुना और मत भी रिकॉर्ड उनके पक्ष मे पडे ,चन्द्रशेखर चक्रधारी अपनी इस जीत को पूरे वार्ड की जनता की जीत बताया और जनता ने उन्हे जो सेवा का मौका दिया है उसके लिए उन्होंने वार्ड की जनता का आभार व्यक्त किया,वहीं वार्ड की मूलभूत समस्याओं को हल करने व आम जनता के कार्यो को सरलता व शीघ्रता से पूरा कराने की दिशा मे कार्य करेगें। निर्वाचित होने के बाद पूरे वार्ड मे सभी का आभार व्यक्त करने आभार रैली निकाली जिसमे बडी संख्या मे लोग शामिल हुए व घर घर जाकर सभी का आभार व्यक्त किया।

### पार्षद चुनाव में पहली बार एक साथ चुने गए मां-बेटा, निर्दलियों का रहा दबदबा



**सरायपाली, 22 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरीय निकाय चुनाव में इस बार निर्दलीय प्रत्याशियों का भी अच्छा-खासा दबदबा रहा। सरायपाली में दो पार्षद निर्विरोध चुने जाने के बाद 13 वार्डों में पार्षद पद के लिए चुनाव किया गया, जिसमें 5 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वहीं सरायपाली के इतिहास में पहली बार दो अलग-अलग वार्डों से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ते हुए एक ही घर से मां-बेटे दोनों पार्षद चुने गए हैं। निर्दलीय पार्षदों में वार्ड क्रमांक 01 से खीरचंद बारी एवं वार्ड क्रमांक 04 से चुने गए बंशी चन्द्रा ने बताया कि उनके परिवार से ही पूर्व में भी पार्षद चुने गए थे और उनके द्वारा किये गए कार्यों को देखते हुए जनता ने एक बार फिर से उन्हें मौका दिया है। हालांकि उन्होंने भाजपा से अलग होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया था, लेकिन वे भाजपा की रीति-नीति एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन से हमेशा ही प्रभावित रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी वे उन्हीं की नीतियों पर अमल करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती पटेल के साथ मिलकर वार्ड के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। वहीं वार्ड क्रमांक 02 से पार्षद चुने गए नितेश प्रधान ने भी कहा कि वे हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी के समर्थक रहे हैं और उन्हीं के मार्ग पर चलते हुए अपने वार्ड के विकास हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे। इसके अलावा सरायपाली के इतिहास में पहली बार माँ व पुत्र एक साथ अलग-अलग वार्डों से निर्दलीय पार्षद चुने गए हैं। इसमें वार्ड क्रमांक 12 से श्रीमती चारूलता अजय सिंह और उनके बेटे विकास सिंह वार्ड क्रमांक 03 से पार्षद चुने गए हैं। सरायपाली की राजनीति में सिंह परिवार का हमेशा योगदान रहा है। विकास के चाचा स्व. वीरेन्द्र कुमार सिंह नगर पंचायत सरायपाली के पहले निर्वाचित अध्यक्ष थे। वहीं विकास स्वयं वार्ड क्रमांक 12 से एवं उनकी बहू (छोटे भाई की पत्नी) मोनालिसा सिंह वार्ड क्रमांक 3 से पार्षद रह चुके हैं। एक बार फिर उनके परिवार पर विश्वास जताने के लिए उन्होंने दोनों वार्ड की जनता का आभार व्यक्त किया है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 फरवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे 20 फरवरी को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले एवं बिना नंबर के वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 4500 समन शुल्क वसूला गया है। नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 25 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 7500 समन शुल्क वसूल एवं बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 22 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 6600 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 20.02.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 66 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 20,400 समन शुल्क वसूल किया गया है

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।


### नाम परिवर्तन

मैं सुरेन्द्र नंदे पिता श्रीराम नंदे, उम्र-46 वर्ष, जाति-गांडा, साकिन-खड़मा, तह. वि.ख. व थाना-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) का निवासी हूँ।

मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में उसका नाम चुड़ामणि नंदे पिता सुरेन्द्र नंदे दर्ज है एवं आधार कॉर्ड में उसका नाम एनोश नंदे पिता सुरेन्द्र नंदे दर्ज है।

मेरे पुत्र का वास्तविक नाम चुड़ामणि नंदे पिता सुरेन्द्र नंदे है जिस नाम से समाज व परिवार में जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता है।

पूर्व में मेरे पुत्र का पुराना नाम एनोश नंदे दर्ज था जिसे मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों के कारण नया नाम - चुड़ामणि नंदे पिता सुरेन्द्र नंदे को राजपत्र में प्रकाशित कर सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूँ।

उक्त शपथपत्र मेरे पुत्र के पुराना नाम एनोश नंदे पिता सुरेन्द्र नंदे के स्थान पर नया नाम चुड़ामणि नंदे पिता सुरेन्द्र नंदे के नाम से राजपत्र में प्रकाशित कराने हेतु प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**सुरेन्द्र नंदे**



### विज्ञापन

222 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नव स्थापित एफ.ओ.बी. कैम्प पालनार, जिला-बीजापुर में सिविक एक्शन प्रोग्राम 2023-24 के तहत 'विशेष परियोजना' के अंतर्गत बच्चों के प्राथमिक स्कूल के लिए शिक्षक का चयन किया जाना है।

| | | |
|---|---|---|
| चयन प्रक्रिया | - | व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से |
| स्थान | - | मुख्यालय, 222 बटालियन, केरिपुबल, नैमेड़, बीजापुर |
| दिनांक | - | 24/02/2025 से 25/02/2025 तक |
| अवधि | - | 01 वर्ष हेतु, मानदेय 12,000/- प्रतिमाह |
| शैक्षणिक योग्यता | - | उत्तीर्ण 12वीं कक्षा या समकक्ष, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष |
| निवास | - | पालनार, जिला-बीजापुर एवं उसके आस-पास के क्षेत्र के |

इच्छुक अभ्यर्थी सभी संबंधित दस्तावेज जैसे शैक्षिणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ इत्यादि के साथ दिनांक 24/02/2025 से 25/02/2025 तक को मुख्यालय, 222 बटालियन, केरिपुबल, नैमेड़, बीजापुर में आयोजित किये जाने वाले साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

